डिजिटल संध्या हिन्दी दैनिक

# संथाल संध्या

शनिवार 17 मई, 2025 वर्ष- 1 अंक :59 पृष्ठ 8

अब आदिवासी की आवाज सदन तक

Regno-T/JH/2025/0508/9358/1318 संपर्क नंबर: 9800993294,9334344989 | Email: santhalsandhya@gmail.com



## ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया में भारत का पक्ष रखेंगे सर्वदलीय सात प्रतिनिधिमंडल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ नीतियों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए सर्वदलीय सात प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया है। ये प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख सहयोगी देशों का दौरा करेगा। संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में की जा रही है, जो भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ निरंतर लड़ाई का प्रतीक है। प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय संकल्प और आतंकवाद के सभी रूपों और स्वरूपों के खिलाफ उसके दृढ़ दृष्टिकोण को पेश करना है। ये प्रतिनिधिमंडल दुनिया को भारत के आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का मजबूत संदेश देंगे। प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और विशिष्ट राजनयिक शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले सांसदों में शामिल हैं- शशि थरूर (कांग्रेस), रवि शंकर प्रसाद (भाजपा), संजय कुमार झा (जदयू), बैजयंत पांडा (भाजपा),




कनिमोझी (द्रमुक), सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी) और श्रीकांत एकनाथ शिंदे (शिवसेना)। सरकार के इस फैसले की सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि जब महत्वपूर्ण क्षण आते हैं तो भारत एकजुट खड़ा होता है। उन्होंने इसे राजनीति से ऊपर राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बताया। कांग्रेस नेता एवं विदेश मामलों से जुड़ी संसद की स्थाई समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने कहा कि वह इस निमंत्रण के लिए सम्मानित महसूस करते हैं और राष्ट्रीय हित के मामले में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि शशि थरूर ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद से विश्व भर में भारत की बात रखने वाले प्रमुख चेहरा बने हैं। उन्होंने कई विदेशी चैनलों से बातचीत में भारतीय सेना और राष्ट्र के रुप में भारत के समर्थ्य और संकल्प को दुनिया के समक्ष रखा है। वहीं कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर जानकारी दी कि कांग्रेस ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के तौर पर चार सांसदों के नामों की पेशकश की है, जिनमें आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह किसी पार्टी के बारे में नहीं है। यह एक महत्वपूर्ण कार्य है और मैं अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने इसे प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का प्रतीक बताया। संजय कुमार झा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के आतंकवाद के खिलाफ निरंतर प्रयासों का परिणाम है। सुप्रिया सुले ने भी अपनी जिम्मेदारी स्वीकार की और कहा कि हम एक राष्ट्र के रूप में आतंकवाद के खिलाफ खड़े हैं। श्रीकांत शिंदे ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ता को दर्शाते हुए कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी है जिसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

### मोदी सरकार ने दी बड़ी जिम्मेदारी तो बोले शशि थरूर, मेरी पार्टी का नेतृत्व मेरी योग्यताओं...

**नई दिल्ली**। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। अब भारत दुनिया को कूटनीति के जरिए से आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की सच्चाई बताने जा रहा है। इसके लिए वह अमेरिका समेत विभिन्न देशों में सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। हर प्रतिनिधिमंडल में अलग-अलग दलों के सांसद शामिल होंगे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर को मोदी सरकार ने एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस पर अब उनकी प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है, ''मेरी पार्टी का नेतृत्व मेरी योग्यताओं या कमियों के बारे में अपनी राय रखने का हकदार है, और मुझे लगता है कि यह वास्तव



में उन्हें ही समझाना है। इस पर मुझे कोई टिप्पणी नहीं करनी है। मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, इस बात का मैं सम्मान करता हूं, और मैं इस जिम्मेदारी को उसी तरह से पूरा करूंगा, जैसे मैंने अपने लंबे कार्यकाल में मुझे सौंपी गई हर जिम्मेदारी को पूरा किया है, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र में हो या कांग्रेस पार्टी में। उन्होंने आगे कहा, ''इस विशेष मुद्दे सहित विभिन्न मुद्दों पर सोमवार और मंगलवार को हमारी संसदीय स्थायी समिति की बैठक है। निश्चित रूप से, मैंने उन्हें (पार्टी को) पहले कॉल के बारे में सूचित किया है, जो दो दिन पहले आया था।

## 43 रोहिंग्या शरणार्थियों को समुद्र में फेंके जाने की यूएन ने शुरु की जांच

### सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खूबसूरती से गढ़ी गई कहानी बताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में सामने आए उन आरोपों की जांच शुरू कर दी है, जिनमें दावा किया जा रहा है कि भारतीय नौसेना ने 43 रोहिंग्या शरणार्थियों को अंडमान सागर में जबरन समुद्र में फेंक दिया। इन शरणार्थियों को दिल्ली से हिरासत में लिया गया था और म्यांमार की समुद्री सीमा के पास अंतरराष्ट्रीय जल में छोड़ दिया था। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दायर एक याचिका को खूबसूरती से गढ़ी गई कहानी बताते देते हुए सबूतों के अभाव में खारिज कर दिया। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने 15 मई को एक बयान जारी कर कहा था कि वह इन अस्वीकार्य और अमानवीय कृत्यों की जांच के लिए विशेषज्ञ नियुक्त कर रहा है। म्यांमार में मानवाधिकार स्थिति पर यूएन के विशेष दूत ने कहा कि रोहिंग्या शरणार्थियों को नौसेना के जहाजों से समुद्र में फेंकने का विचार पूरी तरह से अपमानजनक है। उन्होंने भारत सरकार से इस घटना का पूरा ब्योरा




देने और रोहिंग्या शरणार्थियों के साथ अमानवीय व्यवहार को रोकने की मांग की थी। विशेष दूत ने कहा कि म्यांमार में रोहिंग्याओं को हिंसा, उत्पीड़न और गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों का खतरा है, इसलिए उनकी जबरन वापसी अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांत नॉन-रिफाउलमेंट का उल्लंघन है। नॉन-रिफाउलमेंट अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक सिद्धांत है जो किसी व्यक्ति को उस देश में वापस भेजने से रोकता है जहां उसे उत्पीड़न, यातना या अन्य गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का खतरा है। यह सिद्धांत प्रवासन स्थिति की परवाह किए बिना लागू होता है, चाहे कोई व्यक्ति शरणार्थी, शरण चाहने वाला या अन्य प्रवासी हो। मीडिया रिपोर्ट में यूएन के मुताबिक बताया गया है कि 6 मई को दिल्ली पुलिस ने 40 से ज्यादा रोहिंग्या शरणार्थियों को बायोमेट्रिक डेटा कलेक्ट करने के बहाने हिरासत में लिया। इनमें बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और कैंसर और मधुमेह से पीड़ित लोग शामिल थे। इन्हें दिल्ली के पुलिस स्टेशनों में 24 घंटे से ज्यादा समय तक रखा, फिर इंदरलोक डिटेंशन सेंटर में शिफ्ट किया गया। इसके बाद उन्हें पोर्ट ब्लेयर ले जाया गया, जहां उनकी आंखों पर पट्टी बांधी और हाथ बांधकर नौसेना के जहाज पर ले जाया गया। जहाज ने अंडमान सागर पार करने के बाद शरणार्थियों को लाइफ जैकेट देकर समुद्र में फेंक दिया और उन्हें म्यांमार के एक द्वीप की ओर तैरने के लिए मजबूर कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अभी भी मौजूद कई रोहिंग्या शरणार्थियों ने दावा किया है कि उनके परिवार के सदस्य उन लोगों में शामिल थे जिन्हें 6 मई को भारतीय अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। एक शरणार्थी ने कहा कि मेरे माता-पिता को मुझसे छीन लिया और पानी में फेंक दिया... अगर मैं अपने माता-पिता से फिर से मिल जाऊं तो यह काफी होगा। मुझे बस अपने माता-पिता चाहिए, और कुछ नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने तुर्की को दी एमआईएम-120सी-8 एडवांस मिसाइल, खुश हो रहा पाकिस्तान



**नई दिल्ली**। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को बड़ा और कडा सबक सिखाया है। वहीं पाकिस्तान के कट्टर समर्थक और भारत के दुश्मन तुर्की के साथ डोनाल्ड ट्रंप की मिसाइल डील भी अमेरिका के डबल गेम को दिखा रही हैं। भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान ने जमकर तुर्की के हथियारों का इस्तेमाल किया। वहीं अब अमेरिका ने तुर्की के साथ 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मिसाइल डील की है। तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया है। इसके बाद खतरनाक एमआईएम-120सी-8 एडवांस मीडियम रेंज एयर टूएयर मिसाइल (अमराम) और उससे जुड़े लॉजिस्टिक को तुर्की को बेचना भारत की चिंता को बढ़ा सकता है। वहीं पाकिस्तान अमेरिका के इस कदम से बेहद खुश है। जानकारी के मुताबिक तुर्की ने अमेरिका से 53 अमराम मिसाइलें और 6 अमराम गाइडेंस सिस्टम की मांग की थी। अमेरिकी विदेश विभाग ने तुर्की को एआईएम-9एक्स साइडवाइंडर ब्लॉक टू मिसाइलें देने को भी मंजूरी दे दी है। इसकी कीमत 79 मिलियन डॉलर के करीब है। इसके अलावा अमेरिका ने तुर्की को 60 ऑल अब राउंड मिसाइलें और 11 टैक्टिकल गाइडेंस यूनिट और उससे जुड़े उपकरण देने का भी ऐलान किया है।

### प्रधानमंत्री ने नीरज चोपड़ा को शानदार उपलब्धि पर दी बधाई




**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा के दोहा डायमंड लीग 2025 में अपने करियर की पहली 90 मीटर से लंबी थ्रो के लिए बधाई दी और इसे शानदार उपलब्धि बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, "शानदार उपलब्धि! दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो हासिल करने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई। यह उनके अथक समर्पण, अनुशासन और जुनून का नतीजा है। भारत को खुशी और गर्व है। उल्लेखनीय है कि नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग 2025 में अपने करियर की पहली 90 मीटर से लंबी थ्रो की। नीरज ने 90.23 मीटर का शानदार भाला फेंककर 2022 में स्टॉकहोम डायमंड लीग में बनाया गया अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड (89.94 मीटर) तोड़ दिया। यह पहला मौका था जब नीरज ने 90 मीटर पार किया।

## दिल्ली के महेन्द्रा पार्क क्षेत्र से 3 बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। उत्तर-पश्चिम जिले की फॉरेनर्स सेल ने एक विशेष अभियान के दौरान तीन अवैध रूप से भारत में रह रही बांग्लादेशी महिलाओं को महेन्द्रा पार्क क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इनमें से एक महिला खुद को ट्रांसजेंडर बताकर पश्चिम बंगाल की निवासी के रूप में इलाके में पहचान बना चुकी थी और सड़क किनारे मोमोज की रेहड़ी लगाकर खुद को छुपा रही थी। उत्तर-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने शनिवार को बताया कि उनके पास से दो स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं। इसमें प्रतिबंधित आईएमओ एप इंस्टॉल था, जिसका उपयोग वे बांग्लादेश में अपने परिजनों से बातचीत के लिए करती थीं। इसके अलावा एक की-पैड मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि फॉरेनर्स सेल की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपितों में से दीपा नाम से जानी जाने वाली एक युवती ने फेसबुक पर एक भारतीय युवक से दोस्ती की थी। बातचीत बढ़ने पर वह अवैध रूप से बांग्लादेश से सीमा पार कर भारत में दाखिल हुई। युवक ने उसे पश्चिम बंगाल में रिसीव किया और फिर वे दिल्ली में एक किराए के मकान में साथ रहने लगी। पड़ोसी उसे पश्चिम बंगाल की स्थानीय युवती मानते थे। पकड़ी गईं महिलाओं की पहचान अलीना (22 ), तंजीना रहमान उर्फ दीपा (22) और सुहान खान (30) के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों महिलाओं को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए एफआरआरओ आरके पुरम को सौंप दिया है। डीसीपी के अनुसार मई 2025 में सोशल मीडिया पर संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों का विश्लेषण शुरू किया गया।

## उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को नई दिल्ली में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बेहतरीन निवेश करने वाला देश है और युवाओं को राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण की भावना विकसित करनी चाहिए। राष्ट्र प्रथम की भावना होनी चाहिए और हर निर्णय में राष्ट्र हित को प्राथमिकता



देनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने आर्थिक राष्ट्रवाद पर जोर देते हुए कहा कि हमें उन देशों पर निर्भरता कम करनी चाहिए जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं। हमें अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने की आवश्यकता है। धनखड़ ने ऑपरेशन सिंदूर की भी सराहना की और भारत के सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन पहलगाम में हुए बर्बर हमले का करारा जवाब था और दुनिया ने इसे देखा और स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एक नया मानक स्थापित किया गया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद को निशाना बनाया और यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी सीमा पार की गई स्ट्राइक है। धनखड़ ने शिक्षा और शोध के मामले में व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यह देश शिक्षा के व्यावसायीकरण और वस्तुकरण को बर्दाश्त नहीं कर सकता और हमें समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा। उद्योग जगत के नेताओं से आह्वान करते हुए उन्होंने शोध के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को कॉर्पोरेट द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित किया जाना चाहिए और सीएसआर फंड को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## माउंट एवरेस्ट की चोटी से उतर रहे भारतीय पर्वतारोही की मौत

**नई दिल्ली**। भारतीय पर्वतारोही पश्चिम बंगाल के 45 वर्षीय सुब्रत घोष की मौत हिलेरी स्टेप के ठीक नीचे हुई, जो 8,84886 मीटर (29,032 फीट) ऊंची चोटी के पास एक खतरनाक हिस्सा माना जाता है घोष माउंटेनियरिंग एसोसिएशन ऑफ कृष्णानगर – स्नोई एवरेस्ट एक्सपीडिशन 2025 का हिस्सा थे और शनिवार दोपहर देर को उन्होंने शिखर पर पहुंचने में सफलता पाई थी।अधिकारियों ने पुष्टि करते हुए बताया कि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर हाल के दिनों में हुई यह दूसरी मौत है। जानकारी के मुताबिक, स्नोई होराइजन ट्रेक्स के प्रबंध निदेशक बोधराज भंडारी ने कहा, 'घोष दोपहर लगभग 2 बजे शिखर पर पहुंचे, लेकिन नीचे उतरते समय थकावट और ऊंचाई की बीमारी के लक्षण दिखने लगे उन्होंने अंत में नीचे उतरने से इनकार कर दिया' उनके शेरपा गाइड, चंपल तामांग ने उन्हें नीचे उतरने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे तामांग अकेले ही गुरुवार देर रात कैंप में लौटे और शुक्रवार सुबह इस घटना की सूचना दी घोष का शव अब भी शिखर के पास है और उसे बेस कैंप तक लाने के प्रयास जारी हैं मृत्यु का सटीक कारण पोस्टमार्टम जांच के बाद पता चल सकेगा।

## फिर मिली मुंबई एयरपोर्ट और ताज होटल को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और ताज महल होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई एयरपोर्ट पुलिस को यह धमकी भरा ईमेल मिला है। जिसमें ताज महल होटल और मुंबई हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल में कहा गया है कि आतंकवादी अफजल गुरु और सैवक्कू शंकर की फांसी का बदला लिया जाएगा। मुंबई पुलिस ने इस ईमेल को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। मुंबई पुलिस द्वारा उन दोनों स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। यह धमकी भरा ई-मेल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और एयरपोर्ट पुलिस अधिकारियों को उनके आधिकारिक ई-मेल पर भेजा गया है। जब ई मेल भेजा गया तब पुलिस कांस्टेबल महेश कदम ड्यूटी पर थे। इस ईमेल में दावा किया गया है कि ताज महल होटल और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र में 7 आरडीएक्स बम रखे गए हैं। धमकी भरा मेल मिलने के बाद पुलिस कांस्टेबल कदम ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारी वटकर को इसकी सूचना दी। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने हवाई अड्डे के टर्मिनल 1, 2, प्रवेश द्वार, टैक्सी स्टैंड, साथ ही ताज सांताक्रूज़ होटल और एटीसी टावर का निरीक्षण किया।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान कर रहा भारत की कॉपी, दुनिया में हो रही किरकिरी

**नई दिल्ली**। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है। भारत की इस सफलता से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और अपनी ही झूठी तारीफ कर रहा है। वह पूरी तरह से भारत को कॉपी करने में जुटा है लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद की फजीहत करा रहा है। वह पहला मौका जब पाकिस्तान ने भारत को कॉपी करने की कोशिश की। वह था भारत का ऑपरेशन सिंदूर। इस ऑपरेशन के तहत भारत ने पाकिस्तान और पाक परस्त आतंकी आकाओं की नींद उड़ा दी है, लेकिन पाकिस्तान ने भी देखा-देखी ऑपरेशन बुनयान अल मरसूस शुरू कर दिया है। इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान ने भारत के रिहायशी इलाकों पर लगातार हमला किए, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़



जवाब दिया। भारत के खिलाफ पाकिस्तान ने अपने इस ऑपरेशन का नाम ऑपरेशन बुनयान अल मरसूस दिया है, जिसका मतलब है- शीशे जैसी मजबूत दीवार यानी एक ऐसी दीवार जो बहुत मजबूती से रक्षा करती है। इस नाम के साथ पाकिस्तान खुद को दुनिया के सामने मजबूत दिखाने की कोशिश कर रहा है लेकिन वह असफल रहा है। पाकिस्तान सिर्फ सैन्य ऑपरेशन में ही नहीं बल्कि सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए भी भारत के नक्शेकदम पर चल रहा है। पीएम मोदी ने जिस तरह पंजाब के आदमपुर एयबेस पहुंचकर जवानों से मुलाकात की। उन्होंने पाकिस्तान के कई झूठ को भी बेनकाब किया। इसी तर्ज पर पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ सियालकोट के पसरूर आर्मी छावनी पहुंचे। उन्होंने यहां पाकिस्तानी सैनिकों से मुलाकात की। शरीफ यहां इसलिए पहुंचे थे क्योंकि 10 मई को भारतीय सेना ने इस आर्मी कैंप के रडार सिस्टम को नष्ट कर दिया था। शहबाज शरीफ को यहां जोश में आकर आर्मी टैंक पर चढ़ते देखा गया। इसी टैंक से उन्होंने ठीक उसी जोश से सैनिकों को संबोधित किया, जिस जोश से पीएम मोदी ने जवानों को संबोधित किया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रेस ब्रीफिंग कर लगातार आम जनता को मौजूदा स्थिति से वाकिफ करा रहा था। उस तरफ पाकिस्तान के आईएसपीआर के डीजी मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी भी प्रेस ब्रीफिंग कर रहे थे।

दैनिक संध्या न्यूज़पेपर



(आवश्यकता)

संथाल संध्या

सभी जिले में ब्यूरो चीफ की आवश्यकता

पाकुड़, साहिबगंज ,देवघर, जामताड़ा, धनबाद, गोड्डा, कोडरमा, रामगढ़, गिरिडीह

इच्छुक व्यक्ति नीचे दिए गए संपर्क नंबर पर संपर्क

9800993294 , 9334344989

# गोड्डाः मेहरमा प्रखंड में योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए जिला दंडाधिकारी का निरीक्षण

बासु कुमार की रिपोर्ट





**गोड्डाः-** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर ने मेहरमा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अभिलेखों का अवलोकन किया और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मनरेगा, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, 15 वें वित्त आयोग की योजना, आपूर्ति विभाग की योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित सभी योजनाओं का अद्यतन प्रतिवेदन लिया और इन योजनाओं के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में बैठक आहूत की गई जिसमें अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के शीघ्र निर्माण हेतु नियमानुसार किस्तों को जारी करने, 60 दिनों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कार्य नहीं करनेवाले लाभुकों का विशेष रूप से जांच करने, उन्हें प्रोत्साहित करने तथा जियो टैग फोटोग्राफ एवं अन्य दस्तावेज को प्राथमिकता के आधार पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं का कार्य समय पर पूरा किया जाए और लाभुकों को समय पर लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और योजनाओं के कार्य में तेजी लाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। बैठक में उपविकास आयुक्त स्मिता टोप्पो, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता श्रवण राम, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेहरमा अविनव कुमार, जिला समन्वयक PMAY-G संजीव कुमार, Nodal MANREGA निशि कुमार सहित प्रखंडकर्मी मौजूद थे। निरीक्षण का उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना और योजनाओं के कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक निर्देश देना था।

उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और योजनाओं के कार्य में तेजी लाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# शहर में मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिए फॉगिंग शुरू



संथाल संध्या

**पाकुड़ः-** शहर के विभिन्न वार्डों में बढ़ते मच्छर के प्रकोप को लेकर नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में शुक्रवार देर रात को फॉगिंग किया गया। इससे शहरी क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप घटने की उम्मीद है। प्रशासक, नगर परिषद अमरेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि पानी पड़ने के बाद मच्छर बढ़ा है और उसके काटने से बीमारी भी फैल रहा है। इसे देखते हुए शुक्रवार से नगर परिषद की ओर से फागिंग मशीन से मच्छर रोधी दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। फॉगिंग नगर परिषद के सभी वार्डों में किया जाएगा। साफ-सफाई सहित दवा के छिड़काव शुरू होने से मच्छरों के आतंक से नगरवासियों को राहत मिलेगी। नगर परिषद की इस पहल से शहरवासियों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव में मदद मिलेगी। नगर परिषद ने नियमित फॉगिंग का आश्वासन दिया है, जिससे शहर में मच्छरों का प्रकोप कम हो सके। नगरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए नगर परिषद प्रतिबद्ध है।

# कोटालपोखर में बिजली की समस्या हुई दूरः तनवीर आलम की पहल से लगा नया ट्रांसफार्मर





संथाल संध्या

**साहिबगंज/बरहरवाः-** प्रखंड अंतर्गत कोटालपोखर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के समीप 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम के निर्देश पर बिजली विभाग ने तत्परता दिखाते हुए 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया। दिनांक 14/5/2025 को ग्रामीणों ने तनवीर आलम को ट्रांसफार्मर जलने की सूचना दी थी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत बिजली विभाग को निर्देश दिया और 16/05/25 की रात्रि में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने तनवीर आलम की सराहना की है। आज दिनांक 17/05/2025 को जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने तनवीर आलम का आभार जताया और कहा कि इस उमस भरी गर्मी में नया ट्रांसफार्मर लगने से उन्हें गर्मी से निजात मिली है।

ग्रामीणों ने बताया कि तनवीर आलम की पहल से उनकी समस्या का समाधान हुआ है और वे इसके लिए उनका आभारी हैं। ग्रामीणों ने कहा कि तनवीर आलम ने उनकी समस्या को समझा और उसका समाधान करवाया, जिससे उन्हें काफी राहत मिली है। मौके पर नेहाल अख्तर, रंजीत भंडारी, समीम, विनोद भगत, विकास सिंह, गुड्डू मंसूरी, अमित कुमार साह, प्रमोद शाह, मन्नू आलम, साजिद आलम, जगदीश भगत, रहमत, राय सोनू, सुमित शाह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

सभी ने तनवीर आलम के प्रयासों की सराहना की और उनका धन्यवाद किया। तनवीर आलम की पहल से ग्रामीणों को नया ट्रांसफार्मर लगने से काफी लाभ हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि अब उन्हें बिजली की समस्या नहीं होगी और वे अपने दैनिक कार्यों को आसानी से कर पाएंगे।

# दुमका में तारामंडल निर्माण कार्य लंबितः एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी नहीं हो सका पूरा

- तारामंडल में लगभग 120 से 130 आगंतुकों के लिए प्रोजेक्टर प्रणाली आधारित मल्टीमीडिया शो दिखाने वाली पूर्णतः डिजिटल तारामंडल स्थापित की जाएगी



संथाल संध्या

**दुमका :-** सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में तैयार किया जा रहा तारामंडल का निर्माण पिछले एक दशक से लंबित पड़ा है। हालांकि भवन निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक आंतरिक सज्जा का काम तेज गति से नहीं किया जा रहा है। तारामंडल में लगभग 120 से 130 आगंतुकों के लिए प्रोजेक्टर प्रणाली आधारित मल्टीमीडिया शो दिखाने वाली पूर्णतः डिजिटल तारामंडल स्थापित की जाएगी। इसके अलावा खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान पर छात्रों के लिए एक्टिविटी एरिया और जीपीएस इनेबल्ड टेलिस्कोप के माध्यम से खगोलीय नजारे का अवलोकन किया जा सकेगा।

बताया जा रहा है कि तारामंडल निर्माण कार्य में लगने वाले सामग्री की कमी के कारण काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। अब भी फाल्स शिलिंग का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। इसके अलावा अन्य आंतरिक सज्जा के काम भी अभी तक पूरे नहीं हो पाए हैं। झारखंड विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा दुमका के सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में तैयार किया जा रहा तारामंडल वर्ष 2021 के मार्च महीने तक बनकर तैयार हो जाने की समय सीमा निर्धारित की गई थी, लेकिन अब तक निर्माण कार्य लंबित है। दुमका वासियों को अब भी तारामंडल का लाभ मिलने में अभी और समय की प्रतीक्षा करनी होगी। क्रिएटिव म्यूजियम डिजाइनर (सीएमडी) दुमका में करीब 30 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। तारामंडल का गुंबद लगभग 15 मीटर तैयार किया गया है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से दुमका के लोगों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ा संसाधन मिलेगा।

तारामंडल के निर्माण से दुमका के छात्रों और आम लोगों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जानकारी मिलेगी। इससे छात्रों को अपने भविष्य को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा तारामंडल दुमका के लिए एक बड़ा पर्यटन स्थल भी बनेगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई है, लेकिन इसके बावजूद भी काम की गति बहुत धीमी है। सरकार से मांग की जा रही है कि वह इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

# उपायुक्त हेमंत सती ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर करणपुरातो का किया निरीक्षण

- अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और चिकित्सकों की उपस्थिति की विस्तृत जानकारी ली






संथाल संध्या

**साहिबगंजः-** उपायुक्त हेमंत सती ने करणपुरातो स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और चिकित्सकों की उपस्थिति की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि वे मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें और उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना है, इसलिए अस्पताल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई का ध्यान रखने से मरीजों को संक्रमण से बचाया जा सकता है और उनके स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैसे स्वास्थ्य केंद्रों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे अपने दायित्वों का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

# साहिबगंज पुलिस की कार्रवाईः 315 ग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



संथाल संध्या

**साहिबगंजः-** पुलिस ने राधानगर थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 315 ग्राम गांजा बरामद किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिहारी टोला निवासी श्रवण मंडल अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहा है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी और उधवा प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने रात में श्रवण मंडल के गुमटी और घर की तलाशी ली, जहां से 315 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इस मामले में NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गोड्डाः महागामा में घर के बाहर से स्कॉर्पियो चोरी, पुलिस जांच में जुटी





बासु कुमार की रिपोर्ट

**गोड्डाः-** महागामा थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला महागामा पुराना बाजार समीप केचुआ चौक मार्ग का है, जहां अज्ञात चोरों ने एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह वारदात बीते गुरुवार देर रात करीब एक बजे की बताई जा रही है। जिसकी नंबर जेएच 17 एसी 2533 है। गाड़ी ईसीएल कर्मचारी परमानंद मिर्धा के नाम पर है, जिसे उनका बेटा भीम मिर्धा इस्तेमाल करता है। भीम मिर्धा ने इस संबंध में महागामा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर महागामा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महागामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज कर दी गई है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच के दौरान एक अहम सुराग हाथ लगा है। फुटेज में एक बोलेरो वाहन पर सवार कुछ संदिग्धों को स्कॉर्पियो के आस-पास मंडराते देखा गया है। आशंका जताई जा रही है कि यही लोग चोरी की वारदात में शामिल हो सकते हैं। स्थानीय लोगों में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं को लेकर दहशत का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने और वाहन चोर गिरोह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस बोलेरो की पहचान कर रही है और इसके आधार पर जांच की दिशा तय की जा रही है।

# गोड्डाः महागामा के छात्रों ने कैरम टैलेंट प्रतियोगिता में मचाया धमाल

बासु कुमार की रिपोर्ट





**गोड्डाः-** जिले के टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता 2025–26 में महागामा के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जय नारायण +2 उच्च विद्यालय, महागामा के छात्र-छात्राओं ने एक स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के एक छात्र का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। प्रधानाचार्य मों खालिद तमीज ने बताया कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। बनारसी देवी प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, महागामा की छात्रा राजनंदनी कुमारी ने अंडर-17 सिंगल कैटेगरी में रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्हें जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार ने सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता ने न केवल छात्रों के कौशल को निखारा, बल्कि जिले के युवाओं में खेल और प्रतियोगिता के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा भी जगाई। विद्यालय परिवार ने आगे भी छात्रों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की योजना बनाई है।

# विशेष ग्राम सभा में आदिम जनजाति ग्रामीणों को केज कल्चर योजना की दी गई जानकारी

संथाल संध्या

**साहिबगंजः-** जिले के मोतीझरना पंचायत स्थित सिंधी क्वारी में योजना विभाग द्वारा संचालित अनाबद्ध निधि से केज कल्चर मत्स्य पालन योजना के कार्यान्वयन हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। यह सभा ग्राम टूटी तथा दरकल्ला के ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ग्राम सभा में जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार बिन्हा, नीति आयोग से मनीष कुमार, मोतीझरना पंचायत सचिव सहित बड़ी संख्या में आदिम जनजाति समुदाय के ग्रामीण उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को केज कल्चर योजना की कार्य प्रणाली, लाभ, तकनीकी पहलुओं तथा इसके माध्यम से आजीविका सृजन की संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।





कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना तथा प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग द्वारा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था। ग्रामीणों ने योजना में रुचि दिखाई और अधिकारियों से कई प्रश्न भी पूछे। उन्होंने योजना के बारे में अपनी जिज्ञासा व्यक्त की और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए ग्राम स्तरीय समिति के गठन पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि योजना के क्रियान्वयन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी और उन्हें योजना का पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तरीय समिति के माध्यम से योजना की निगरानी और मूल्यांकन किया जाएगा। ग्रामीणों ने अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से उन्हें अपनी आजीविका में सुधार करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे योजना के क्रियान्वयन में उनकी सहायता करें और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। ग्रामीणों ने योजना के प्रति अपनी उत्सुकता और समर्थन व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने बताया कि केज कल्चर योजना से ग्रामीणों को मत्स्य पालन के माध्यम से आय का एक अतिरिक्त स्रोत मिलेगा। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और वे अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य की योजना बना सकेंगे। योजना के माध्यम से ग्रामीणों को मत्स्य पालन के नए तरीके और तकनीक की जानकारी भी मिलेगी।

# रानीश्वर में समर कैंप का समापन

## मैजिक शो ने बच्चों को दिखाया जादू की दुनिया

संथाल संध्या

**दुमका/रानीश्वरः-** सिदो-कान्हू सीनियर सेकेंडरी स्कूल रघुनाथपुर में चल रहे समर कैंप के अंतिम दिन मैजिक शो का आयोजन किया गया। इस दौरान पेशेवर मैजिशियन ने बच्चों को जादुई करतब दिखाए, जिससे वे रोमांचित हो उठे। मैजिक शो के दौरान बच्चों ने जिज्ञासावश कई सवाल पूछे और जादू के कुछ बेसिक गुर भी सीखे। पेशेवर मैजिशियन ने बच्चों को बताया कि जादू कैसे किया जाता है और इसके लिए क्या जरूरी है। इस अवसर पर स्कूल सचिव प्रदीप्तो मुखर्जी, प्रबंधक रोदोषी मुखर्जी, प्रधानाध्यापक देवप्रिय मुखर्जी और उपप्राचार्य रक्षाकर पाल समेत अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। मैजिक शो के दौरान पेशेवर मैजिशियन ने बच्चों को विभिन्न जादुई करतब दिखाए, जिससे वे मंत्रमुग्ध हो गए। इस आयोजन से बच्चों को जादू की दुनिया के बारे में जानने का अवसर मिला और उनका मनोरंजन भी हुआ। बच्चों ने जादू के करतबों को देखकर अपनी उत्सुकता और जिज्ञासा को प्रकट किया।



सिदो-कान्हू सीनियर सेकेंडरी स्कूल रघुनाथपुर द्वारा आयोजित इस समर कैंप में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। इस आयोजन से बच्चों को अपने कौशल को विकसित करने और नए अनुभव प्राप्त करने का मौका मिला। स्कूल की इस पहल से बच्चों को अपने शौक और रुचियों को विकसित करने में मदद मिल रही है। मैजिक शो के आयोजन से बच्चों को जादू की दुनिया के बारे में जानने का अवसर मिला और उनका मनोरंजन भी हुआ। इस आयोजन की सफलता से स्कूल के अधिकारियों और शिक्षकों को बच्चों के लिए और भी आकर्षक आयोजन करने की प्रेरणा मिली है।

# भाजपा नेता ने पुराने सदर अस्पताल में इमरजेंसी सेवा बहाल करने की मांग की

संथाल संध्या

**साहिबगंज :-** भाजपा नेता सत्य प्रकाश सिन्हा ने जिला प्रशासन से पुराने सदर अस्पताल में इमरजेंसी सेवा बहाल करने की मांग की है। उन्होंने प्रेस बयान जारी कर कहा कि पुराने सदर अस्पताल शहर के बीच स्थित है और यहाँ वर्षो पूर्व हर स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध थी, लेकिन अब लगभग हर स्वास्थ्य व्यवस्था को जिला अस्पताल में भेज दिया गया है। सिन्हा ने कहा कि शहर में एक्सीडेंट, छोटी मोटी दुर्घटना और प्रसव पीड़ा जैसी समस्याओं में लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है, खासकर जिला अस्पताल जाने के मार्ग में रेलवे फाटक का अक्सर लंबे समय तक बंद रहना एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को



समय पर इलाज नहीं मिल पाता है और उनकी स्थिति और भी खराब हो जाती है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि आम जनमानस की पीड़ा को समझते हुए तत्काल पुराने अस्पताल में एक इमरजेंसी वार्ड बनाया जाए, जिसमें मूलभूत सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। इससे आपातकालीन स्वास्थ्य जरूरतों के अभाव में किसी मरीज की जान बचाई जा सकेगी। सिन्हा ने कहा कि यह वार्ड शहरवासियों के लिए एक बड़ी राहत होगी और उन्हें समय पर इलाज मिल सकेगा। सिन्हा ने कहा कि इससे शहरवासियों को काफी लाभ मिलेगा और वैसे लोग जो सड़क दुर्घटना में घायल हो जाते हैं, उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तुरंत कार्रवाई की जाए और पुराने सदर अस्पताल में इमरजेंसी सेवा बहाल की जाए। सिन्हा ने कहा कि लंबे समय से रेलवे ओवरब्रिज बनाने की मांग हो रही है, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह शहरवासियों के लिए एक बड़ी समस्या है और इसका समाधान जल्द से जल्द किया जाना चाहिए।

# उषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर पाकुड़िया में हुआ दादा दादी एवं नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन

संथाल संध्या

**पाकुड़ :** उषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर पाकुड़िया में शनिवार को दादा दादी एवं नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष श्री भुवनेश्वर नाथ ओझा सचिव श्री अमर प्रसाद भगत कोषाध्यक्ष श्री तारक शाह, अर्जुन प्रसाद एवं प्रधानाचार्य कुशल कुमार आचार्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्चन कर किया गया। सामूहिक वंदना के पश्चात विद्यालय के आचार्य लखींद्र पाल कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा की आज आधुनिकीकरण के युग में बच्चे अपने दादा दादी एवं नाना नानी का प्यार से दूर होता जा रहा है। बच्चे दिन भर अपने मोबाइल के गेम में व्यस्त रहते हैं। एक समय हुआ करता था जब दादा दादी नाना नानी के द्वारा बच्चों को मनमोहक आनंददायक और मनोरंजन वाली कहानी सुनाई जाती थी परंतु अब ना बच्चे जिद करते हैं और ना

**विद्यालय के भैया बहनों ने उपस्थित अपने दादा दादी एवं नाना नानी को पैर धोकर, तिलक किए**

ही इसमें इसमें ज्यादा रुचि दिखाते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भैया बहनों ने उपस्थित अपने दादा दादी एवं नाना नानी को पैर धोकर,तिलक किए माल्यार्पण पूजन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य अतिथि सेवन निर्मित शिक्षक वरुण कुमार तिवारी ने अपने उद्बोषण में वर्तमान समय में समाज और परिवार में हो रहे घटनाओं को बताया और बच्चों के प्रति प्रेम और संस्कार किस प्रकार दिया जाए जिससे एक शिक्षित और संस्कार युक्त समाज का निर्माण हो विषय में बताया। इसके लिए हम सभी हम सभी को निरंतर प्रयास करने के लिए आगे आना होगा क्योंकि अभी बच्चे हमारे दैनिक कार्यों को देखकर सब कुछ सीखते हैं । कार्यक्रम



में प्रभाकर पाल, भारत पाल, विश्वरूप दास, किशोर कुमार गुप्ता,सनोज पाल, अभिषेक साहू , रुक्मिणी चौधरी मिनीफ्रेंड टुडू, झरना दास ,सोनू शाहा, विनोद प्रसाद भगत, एवं अभिभावक उपस्थित थे।



# उधवा में 14 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण का शुभारंभ

संथाल संध्या

**साहिबगंज/राजमहलः-** राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने उधवा प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत 14 करोड़ 26 लाख 95 हजार की लागत से बनने वाली 19 किलोमीटर की सात सड़कों का आधारशिला रखकर कार्य का शुभारंभ करवाया।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र में जनहित की योजनाओं को लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिकरण में यह क्षेत्र को पिछडापन में रखा गया था, लेकिन अब सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुचाने का लक्ष्य रखती है और शत् प्रतिशत सड़क, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।



उधवा प्रखंड में आर यू रोड अट्टापुर से चतराडीह, खोखरोटोला, हाथीबांध, घोड़ावीर तक, पीएमजीएसवाई पुल से पीएमजीएसवाई पथ भगत टोला भाया शेर मोहम्मद ओला पश्चिम प्राणपुर अमीर शेख के घर तक, मध्य पियारपुर तासु टोला से भूतनी टोला होते हुए 500 बीघा नाला तक, पियारपुर पुल से पीएमजीएसवाई पथ दक्षिण पलाशगाछी तक, पीएमजीएसवाई पथ नाशघाट से मध्य प्यार पूर पंचायत होते हुए अमानत पुल तक, पीएमजीएसवाई पथ स्माइल टोला से चामा ग्राम दक्षिण पलाशगाछी अमीर शेख के घर तक व बालू ग्राम उधवा दियारा से डकैत टोला उत्तर पलाशगाछी तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। मौके पर विभागीय अभियंता एवं पंचायत जनप्रतिनिधि सहित पार्टी के पदाधिकारी गण मौजूद थे। विधायक की इस पहल से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है और वे अपने क्षेत्र के विकास की उम्मीद कर रहे हैं।

# पाकुड़ में जल संकट को दूर करने के लिए कांग्रेस की पहल



संथाल संध्या

**पाकुड़ :** नगर परिषद क्षेत्र के हाटपाड़ा में जल संकट को देखते हुए नए चापाकल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। स्थानीय जनता की मांग और कांग्रेस नेता तनवीर आलम के प्रयासों के फलस्वरूप जिला कांग्रेस की महासचिव मोनिता कुमारी दे ने मंगलवार को स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मोनिता कुमारी दे ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट को गंभीरता से लिया। उन्होंने जल्द से जल्द चापाकल की स्थापना कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कई स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित थे। क्षेत्रीय जनता ने इस पहल की सराहना करते हुए तनवीर आलम और कांग्रेस पार्टी का आभार जताया। जल्द ही चापाकल का निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को जल संकट से निजात मिलेगी। मोनिता कुमारी दे की पहल से क्षेत्र के लोगों को जल संकट का समाधान मिलने की उम्मीद है। कांग्रेस पार्टी की इस पहल से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर होगी। स्थानीय लोगों ने लंबे समय से चापाकल की मांग कर रहे थे, जिसे अब जल्द ही पूरा किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी की इस पहल से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है और वे अपने दैनिक जीवन में सुधार की उम्मीद कर रहे हैं।

# जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने की समीक्षात्मक बैठक

संथाल संध्या

**पाकुड़ः-** जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू की अध्यक्षता में शनिवार को एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रभारी डीपीएम ई-पंचायत, सभी प्रखंड समन्वयक, कनीय अभियंता और लेखा लिपिक-सह-कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने 15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्रखंडों और पंचायतों में चल रहे योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन और राशि व्यय करने का निर्देश दिया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक कार्य योजना तैयार कर आई ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रविष्टि करने और योजना स्तर पर सूचना पट्ट लगाने का भी निर्देश दिया।



कनीय अभियंताओं को योजनाओं का नियमित निरीक्षण करने और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने सभी को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का सफल क्रियान्वयन जनता के हित में होगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन करने और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए सभी को निर्देशित किया गया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने कहा कि योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी और आवश्यकतानुसार दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# 40 डिग्री गर्मी में मशरूम उपजा रही हैं गोड्डा की महिलाएं

संथाल संध्या

**गोड्डा :** जहां एक तरफ गर्मी में खेती करना चुनौती बनता जा रहा है, वहीं गोड्डा की महिलाएं "दूधिया सोना" यानी मिल्की मशरूम उगाकर न सिर्फ मौसम को मात दे रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल भी पेश कर रही हैं। 45 डिग्री तापमान में भी यह खास किस्म का मशरूम शानदार उत्पादन दे रहा है।

तपती गर्मी में खेती का नया विकल्प है मिल्की मशरूम मिल्की मशरूम की सबसे बड़ी खासियत यही है कि इसे तेज गर्मी में 35 से 40 डिग्री तापमान में भी आसानी से उगाया जा सकता है। जहां दूसरी फसलें इस तापमान में नष्ट हो जाती हैं, वहीं यह मशरूम 90 प्रतिशत नमी और बंद कमरे के वातावरण में तेजी से विकसित होता है। गोड्डा जिले की महिलाएं गर्मी के इस मौसम में भी मशरूम उगा रही हैं और अपने घर की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही हैं। यह मुमकिन हो पाया है अदाणी फाउंडेशन की मदद से, जो महिलाओं को मुफ्त ट्रेनिंग और मशरूम उत्पादन के लिए जरूरी सामान मुहैया करवा रहा है।

अदाणी पावर प्लांट के आस-पास के गांव मोतिया, डुमरिया, पटवा, रंगनिया, बक्सरा, नयाबाद, गंगटा आदि गांवों की 200 से अधिक महिलाएं अदाणी फाउंडेशन की ओर से ट्रेनिंग लेकर न केवल खुद मशरूम उगा रही हैं, बल्कि दूसरी महिलाओं को भी इसकी ट्रेनिंग दे रही हैं। इससे पूरे गांव की सामाजिक और आर्थिक तस्वीर बदल रही है। अदाणी फाउंडेशन की यह पहल ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण बन चुकी है। पटवा गांव की बिन्दु देवी पहले सिर्फ घर के कामों तक सीमित थीं, लेकिन अदाणी फाउंडेशन की ट्रेनिंग लेने के बाद अब वह मशरूम उत्पादन करके हर महीने 8 से 10 हजार रुपये तक कमा रही हैं। बिन्दु कहती हैं, "पहले लगता था खेती सिर्फ पुरुषों का काम है, लेकिन अब मशरूम उत्पादन से मेरी खुद की पहचान बनी है।"

मिल्की मशरूम की खासियत यह है कि इसे गर्मी में भी उगाया जा सकता है। एक छोटे से कमरे में 35-40 डिग्री तापमान और 90% नमी




में यह अच्छी पैदावार देता है। मात्र 20-25 रुपये प्रति किलो की लागत से तैयार यह मशरूम बाजार में 200 से 400 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। यानी लागत का दस गुना तक मुनाफा संभव है। महिलाएं सबसे पहले भूसे को फॉर्मलीन और दवाओं से उपचारित करती हैं। फिर बीज




मिलाकर पॉलिथीन की थैलियों में भरकर अंधेरे कमरे में रखती हैं। 20 दिन बाद केसिंग होती है, जिसमें मिट्टी और खाद मिलाकर हल्की सिंचाई की जाती है। लगभग 15 दिन में मशरूम उगने लगते हैं। मशरूम का स्वाद और पौष्टिकता ही नहीं, बल्कि इसके औषधीय गुणों के चलते भी इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टर भी कई बीमारियों में मिल्की मशरूम को खाने की सलाह देते हैं। गोड्डा के इन गांवों की महिलाएं ने साबित कर दिखाया है कि अगर सही मार्गदर्शन और संसाधन मिले, तो गर्मी जैसी चुनौती भी अवसर में बदली जा सकती है। मिल्की मशरूम गर्मियों में खेती का एक मजबूत विकल्प बनकर उभरा है, और ग्रामीण महिलाएं इसका पूरा लाभ उठाकर सामाजिक और आर्थिक बदलाव की कहानी लिख रही हैं।

डिजिटल संध्या हिन्दी दैनिक
# संथाल संध्या


## संपादकीय

### धर्म का अर्थ


किसी संत के पास एक युवक आया और उसने उनसे धर्म ज्ञान देने की प्रार्थना की। संत ने कहा कि वह उनके साथ कुछ दिन रहे, फिर वे उसे धर्म का सार बताएंगे। युवक उनके आश्रम में रहने लगा। वह संत की हर बात मानता और उनकी सेवा करता। इस तरह कई दिन बीत गए। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि संत उसे धर्म के बारे में कब बताएंगे। वह उनसे धर्म की चर्चा करने के लिए उत्सुक था। वह चाहता था कि उनसे शिक्षा प्राप्त कर घर लौट जाए पर संत कुछ खास कह ही नहीं रहे थे। युवक का धैर्य जवाब दे रहा था। एक दिन उसने पूछ ही दिया-मुझे आए इतने दिन हो गए पर अब तक आपने मुझे धर्म का सार नहीं बताया। आखिर मैं कब तक प्रतीक्षा करूं? संत ने हंसकर कहा-कैसी बात कर रहे हो। तुम जिस दिन से मेरे साथ रह रहे हो उस दिन से मैं तुम्हें धर्म का सार बता रहा हूं। पर तुम ध्यान ही नहीं दे रहे। युवक ने चौंककर कहा-वो कैसे? संत बोले- जब तुम मेरे लिए पानी लाते हो, मैं उसे सदैव प्रेम से स्वीकार करता हूं। तुम्हारे प्रति आभार भी प्रकट करता हूं। जब-जब तुमने मुझे आदरपूर्वक प्रणाम किया, मैंने तुम्हारे साथ नम्रता का व्यवहार किया। यही तो धर्म है जो हमारे दैनंदिन व्यवहार में झलकता है। धर्म कोई पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। तुम मेरे और कार्यों पर गौर करो। मैं लोगों से कैसे मिलता हूं और किस तरह उनकी सहायता करता हूं। इससे अलग कुछ भी धर्म नहीं है। युवक संत का आशय समझ गया।

## शासन,प्रशासन,दलालों का मेल- सरकारी आतंकवाद का खेल



किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश आज आतंकवाद और भ्रष्टाचार के दंश से पीड़ित है परंतु अनेक देशों में तो आतंकवादी भ्रष्टाचार किसी एकल इकाई तक अब सीमित नहीं रहा वह टॉपअप से बॉटमअप तक या यूं कहें कि शासन वाया प्रशासन वाया दलालों (जासूसों) के माध्यम से भ्रष्टाचार आतंकवाद का प्रचलन अति बढ़ गया है,जो अक्सर हम 40-50 पेर्सेंट लिफ़ाफ़ा के रूप में सुनते आ रहे हैं, यानें 1 रूपया निकलताहै तो 15 पैसा लाभार्थी के हाथ में आताहै,हालांकि आज भले ही कम स्तरपर हो परंतु है जरूर! इस तरह से आतंकवाद एक अकेला व्यक्ति नहीं कर सकता बल्कि उसके पीछे पूरी चैनल जुड़ी होती है। मेरा ऐसा मानना है कि संयुक्त राष्ट्र के सभी 200 से अधिक देशों ने मिलकर एक ऐसी ट्रिटी या व्यवस्था बनानी होगी, जिसमें ऐसे देशों को आतंकवादी देश घोषित करें जो सरकारी आतंकवाद की परिभाषा में आता हो व पारदर्शी व स्वच्छ तथा अच्छे प्रशासन वाले देश की सरकारों को सरकारी सुशासन वाला देश से नवाजा जाए जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भारत-पाक तनाव में ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमने देखा कि किस तरह मारे गए आतंकवादियों को पड़ोसी मुल्क ने अपने राष्ट्रीय ध्वज में लपेटकर सलामी देकर उनको ख़ाक ए सुपुर्द, किया इस वाक्यात को पूरे विश्व ने देखा इसे कुछ लोगों ने सरकारी आतंकवाद की संज्ञादी।वैसे ही भ्रष्टाचार भी शासन प्रशासन दलालों के गठजोड़ में भी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि 40 50 पेर्सेंट लिफ़ाफ़े की शुभ सुबसुबाहट इलेक्शन के दिनों में होते रहती है,इसलिए मेरा मानना है कि इन दोनों परिस्थितियों याने सरकारी आतंकवाद व भ्रष्टाचार को सभी देशों ने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कानूनों में एक धारा जोड़कर सरकारी आतंकवाद का संज्ञान लिया जाए।चूँकि शासन प्रशासन दलालों का मेल, सरकारी आतंकवाद का खेल। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सरकारी आतंकवाद बनाम सरकारीसुशासनवाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्यों ना हरदेश में शासन प्रशासन और दलालों के गठजोड़ से किया गया भ्रष्टाचार व आतंकवाद में जमानत न होकर ट्रायल के बाद सीधा एक्विट्टल या सजा हो ? साथियों बात अगर हम सरकारी आतंकवाद को समझने की करें तो, सरकारी आतंकवाद और सरकारी सुशासन वाद में काफी अंतर है। सरकारी आतंकवाद में सरकार द्वारा अपने ही नागरिकों या अन्य देशों के नागरिकों पर हिंसक और गैरकानूनी तरीके से कार्रवाई करना शामिल होता है, जबकि सरकारी सुशासनवाद एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों की भागीदारी के साथ काम करती है। सरकारी आतंकवादः-परिभाषाःसरकार द्वारा अपने ही नागरिकों या अन्य देशों के नागरिकों पर जान बूझकर हिंसा का उपयोग करना, उन्हें डराना या धमकाना, और राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गैरकानूनी तरीके से कार्रवाई करना। उदाहरणः- राजनीतिक विरोधियों का दमन, मानवाधिकारों का उल्लंघन, युद्ध अपराध,और गैरकानूनी हत्याएं। लक्ष्यः--शक्ति का प्रदर्शन, विरोध को दबाना,औरअपने राजनीतिक एजेंडे को लागू करना।एक प्रकार की हिंसात्मक गतिविधि होती है। अगर कोई व्यक्ति या कोई संगठन अपने आर्थिक राजनीतिक व विचारात्मक लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति के लिए देश या देश के नागरिकों की सुरक्षा को निशाना बनाए,तो उसेआतंकवाद कहते हैं। गैर-राज्यकारकों द्वारा किये गए राजनीतिक एवं वैचारिक हिंसा भी आतंकवाद की ही श्रेणी में आती है। अब इसके तहत गैर-कानूनी हिंसा को भी आतंकवाद में शामिल कर लिया गया है। अगर इसी प्रकार की गतिविधि आपराधिक संगठन चलाने या उसे बढ़ावा देने के लिए की जाती है तो सामान्यतः उसे भी आतंकवाद माना जाता है। यद्यपि, इन सभी कार्यों को आतंकवाद का नाम दिया जा सकता है। कुछ मतों के अनुसार आतंकवाद पन्थ से नहीं जुडा है।यह सही है दुनिया के अधिकतर से देश आतंकवाद से ग्रस्त है। साथियों बात अगर हम सरकारी सुशासनवाद को समझने की करें तो,सुशासन क्या है?शासन का तात्पर्य शासन की सभी प्रक्रियाओं, संस्थाओं, प्रक्रियाओं और प्रथाओं से है, जिनके माध्यम से आम चिंता के मुद्दों पर निर्णय लिया जाता है और उन्हें विनियमित किया जाता है। सुशासन शासन की प्रक्रिया में एक मानक या मूल्यांकनात्मक विशेषता जोड़ता है। मानवा धिकारों के दृष्टिकोण से यह मुख्य रूप से उस प्रक्रिया को संदर्भित करता है जिसके द्वारा सार्वजनिक संस्थाएँ सार्वजनिक मामलों का संचालन करती हैं, सार्वजनिक संसाधनों का प्रबंधन करती हैं और मानवाधिकारों की प्राप्ति की गारंटी देती हैं।यद्यपि सुशासन की कोई अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत परिभाषा नहीं है, फिर भी इसमें निम्नलिखित विषय शामिल हो सकते हैंः मानव अधिकारों का पूर्ण सम्मान, कानून का शासन, प्रभावी भागीदारी, बहु-अभिनेता साझेदारी, राजनीतिक बहुलवाद, पारदर्शी और जवाबदेह प्रक्रियाएं और संस्थाएं, एक कुशल और प्रभावी सार्वजनिक क्षेत्र, वैधता, ज्ञान, सूचना और शिक्षा तक पहुंच, लोगों का राजनीतिक सशक्तीकरण, समानता, स्थिरता, तथा दृष्टिकोण और मूल्य जो जिम्मेदारी, एकजुटता और सहिष्णुता को बढ़ावा देते हैं।संक्षेप में, सुशासन का संबंध राजनीतिक और संस्थागत प्रक्रियाओं और परिणामों से है जो विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं। अच्छे शासन की असली परीक्षा यह है कि यह किस हद तक मानवाधिकारों के वादे को पूरा करता हैः नागरिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक अधिकार। मुख्य प्रश्न यह हैः क्या शासन की संस्थाएँ स्वास्थ्य, पर्याप्त आवास, पर्याप्त भोजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निष्पक्ष न्याय और व्यक्तिगत सुरक्षा के अधिकार की प्रभावी रूप से गारंटी दे रही हैं?सुशासन की प्रमुख विशेषताएंः-- मानवाधिकार परिषद ने सुशासन की प्रमुख विशेषताओं की पहचान की हैः (1) पारदर्शिता (2) जिम्मेदारी (3) जवाबदेही (4)भाग लेना (5) जवाबदेही (लोगों की जरूरतों के प्रति) सरकारी सुशासन वादः--सरकार द्वारा पारदर्शिता, जवाबदेही, नागरिकों की भागीदारी, और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए काम करना।उदाहरणः -भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, कानून के शासन का पालन, सामाजिक न्याय, और नागरिकों को उनकी समस्याओं के लिए समाधान प्रदान करना।लक्ष्यः--नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार, आर्थिक विकास, औरसामाजिक न्याय की स्थापना।अंतरः--हिंसाः --सरकारी आतंकवाद में हिंसा का उपयोग होता है, जबकि सुशासन वाद में हिंसा का उपयोग नहीं होता है।लक्ष्यः-- सरकारी आतंकवाद में राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करना होता है, जबकि सुशासन वाद में नागरिकों के हित को ध्यान में रखना होता है कानूनः-- सरकारी आतंकवाद में कानून का उल्लंघन होता है, जबकि सुशासन वाद में कानून का पालन करना होता है। सरकारी सुशासन वाद का अर्थ है सरकार द्वारा जनता की भलाई और विकास के लिए उचित तरीके से शासन करना। यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जिसमें सरकार जनता के प्रति जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से कार्य करती है, जिससे देश का विकास और नागरिक जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है।निष्पक्षताः-- सरकार को सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। समानताः-- सरकार को सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करने चाहिए।न्यायः--सरकार को न्यायपूर्ण तरीके से कार्य करना चाहिए।प्रभावशीलताः--सरकार को अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करना चाहिए।सतत विकासः--सरकार को विकास के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए।सुशासन के फायदेः-- जनता में विश्वासः--सुशासन जनता के विश्वास को है।आर्थिक विकासः --सुशासन आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है।सामाजिक विकासः-- सुशासन सामाजिक विकास को बढ़ावा देता है।बेहतर जीवन स्तरः- सुशासन नागरिक जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है। कानून का शासनः-- सुशासन कानून के शासन को बढ़ावा देता है।भ्रष्टाचार में कमीः--सुशासन भ्रष्टाचार को कम करने में मदद करता है।सुशासन का महत्वः-- सुशासन देश के विकास और लोगों की भलाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सुशासन के माध्यम से सरकारें अपने नागरिकों को बेहतर जीवन प्रदान कर सकती हैं और एक मजबूत, विकसित और न्यायपूर्ण समाज बना सकती हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेष विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सरकारी आतंकवाद बनाम सरकारी सुशासनवाद शासन, प्रशासन, दलालों का मेल-सरकारी आतंकवाद का खेलअंतरराष्ट्रीय स्तरपर क्यों ना हर देश में शासन,प्रशासन व दलालों के गठजोड़ से किया गया भ्रष्टाचार व आतंकवाद में जमानत न होकर ट्रायल के बाद एक्विट्टल या सजा हो।




बिना जोश के आज तक कोई भी महान कार्य नहीं हुआ।
- सुभाष चंद्र बोस

वाणी चाँदी है, मौन सोना है, वाणी पार्थिव है पर मौन दिव्य।
- कहावत




शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि षष्ठी, रविवासरे, उ.षा. नक्षत्रे, शुभ योग, गर करणे, मकर की चंद्रमा, भद्रा 51/333 सर्वार्थ सिद्ध योग, रवियोग 25/29 व्यापार धान्य छेदन लघु वृक्षारोपण वाहन क्रय विक्रय तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी|

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक जिद्दी-हठी, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शिक्षक, कमीशन एजेन्ट, बैंक कर्मचारी, लिपिक, क्लर्क, अकाउन्टेंट, अकाउंट ऑफिसर, बैंक प्रबंधक तथा उत्तम कार्यकर्ता, व्यवसायी होवेगा।

मेष राशि :- कार्य बाधा, स्वभाव में उद्विग्नता, दुःख अवश्य ही बनेगा, ध्यान दें।

वृष राशि :- आरोप से बचें, कार्यगति मंद रहेगी, क्लेश व अशांति अवश्य बनेगी।

मिथुन राशि :- योजनाऐं पूर्ण होंगी, धन लाभ होगा, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

कर्क राशि :- मित्र सुखवर्धक होंगे, कार्यगति में सुधार होवे, चिन्ताऐं कम होंगी।

ीसिंह राशि :- सामर्थ्य और धन अस्त-व्यस्त हो, सतर्कता से कार्य अवश्य ही निपटा लेवें।

कन्या राशि :- मनोबल उत्साह वर्धक हो, कार्यगति में सुधार होवे, चिन्ता कम हो।

तुला राशि :- मान-प्रतिष्ठा के साधन बनेंगे, स्त्री से सुख-शांति अवश्य ही बन जायेगी।

वृश्चिक राशि :- अग्नि-चोटादि का भय, व्यर्थ भ्रमण, धन व्यय होगा, रुके कार्य बनेंगे।


धनु राशि :- मानसिक क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, क्लेश तथा भय बना ही रहेगा।

मकर राशि :- विवादग्रस्त होने से बचें, तनाव व क्लेश, मानसिक अशांति बनेगी।

कुंभ राशि :- धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा।

मीन राशि :- भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति, समय उल्लास से बीते तथा मनोवृत्ति उत्तम रहेगी।

## पाक को बेनकाब करेंगे सभी दलों के सांसद



सनत जैन

भारत सरकार ने सात सांसदों के एक दल का गठन किया है। इसमें सभी महत्वपूर्ण दलों के सांसदों को जगह दी गई है। 7 सांसद सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल के रूप में अमेरिका, यूके, यूएई, दक्षिण अफ्रीका, जापान और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का दौरा करेंगे। विदेश यात्रा के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद से किस तरह का मुकाबला भारत कर रहा है इसकी जानकारी दुनिया के देशों को देंगे। पाकिस्तान किस तरह से आतंकवादियों का पोषण कर रहा है। पाकिस्तान खुद आतंकी देश के रूप में कार्य कर रहा है। यह प्रतिनिधिमंडल विदेश में जाकर पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करेगा। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर क्यों किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत केवल आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया है। इसकी जानकारी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल एकजुटता के साथ देगा। मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में पहली बार सांसदों को विदेश दौरे पर भेजा जा रहा है। भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू इस प्रतिनिधि मंडल को ऑर्गेनाइज कर रहे हैं। जल्द ही यह प्रतिनिधिमंडल विदेश का दौरा करके भारत का पक्ष रखने का काम करेगा। मोदी सरकार का कोई भी निर्णय बिना विवाद के पूरा नहीं होता है। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस पार्टी से चार सांसदों के नाम मांगे थे। उनमें से एक नाम केंद्र सरकार को चुनना था। कांग्रेस ने जो चार नाम भेजे उसमें कांग्रेस के सांसद शशि थरूर का नाम नहीं था। कांग्रेस की ओर से आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार का नाम भेजा था। केंद्र सरकार ने उनमें से किसी सांसद को ना भेज कर अपनी ओर से शशि थरूर को प्रतिनिधि मंडल में शामिल कर दिया। शशि थरूर को लेकर यह माना जा रहा है कि वह जल्द ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। हाल ही में उन्होंने केरल के एक प्रोग्राम में प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा किया था। वह कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ लगातार बोल बचन कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने सांसदों के इस प्रतिनिधि मंडल में थरूर को शामिल कर कांग्रेस के साथ एक बार फिर नया विवाद पैदा कर लिया है। केंद्र सरकार द्वारा अपने 11 साल के कार्यकाल में पहली बार विपक्ष को विश्वास में लेकर इस प्रतिनिधि मंडल को दुनिया के कई देशों में भेजा जा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार को विवाद से बचना चाहिए था। शायद सरकार जानती थी और चाहती भी यही थी कि शशि थरूर को शामिल करने से कांग्रेस और शशि थरूर के बीच की दूरियां और बढेंगी, जिसका फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। अगले साल केरल में विधानसभा के चुनाव होना हैं। भारतीय जनता पार्टी पिछले कुछ समय से शशि थरूर के कंधे पर हाथ रखकर केरल में कांग्रेस को कमजोर करना चाहती है। सुनियोजित रूप से केंद्र सरकार ने कांग्रेस को आईना दिखाने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी इसको किस तरह से लेती है, इसका पता जल्द ही चलेगा। वर्तमान परिस्थितियों में जब सरकार विपक्षी दलों के साथ सहयोग कर रही है। विपक्षी दल भी सरकार के साथ सहयोग में खड़े हुए हैं। ऐसे समय में सरकार को प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के साथ टकराव मोल नहीं लेना था। इस समय सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता एकजुटता की होनी चाहिए। सारी दुनिया को एक ऐसा संदेश जाए, जिससे स्पष्ट हो भारत का सत्ता पक्ष और विपक्ष एकजुट है। सारी दुनिया के देश भारत की वर्तमान स्थिति को समझते। भारत एकजुटता का संदेश दुनिया भर में फैलाना चाहता है, वह ज्यादा असरकारी साबित होता। निश्चित रूप से सरकार ने सोच-समझकर कांग्रेस को नीचा दिखाने के लिए पहले कांग्रेस से चार सांसदों के नाम का पैनल मांगा। जब कांग्रेस पार्टी ने उन्हें पैनल भेज दिया, तब सरकार ने पैनल में भेजे गए कांग्रेस के किसी भी सांसद को स्वीकार न करते हुए, शशि थरूर को विदेश दौरे में शामिल होने के लिए आमंत्रण दे दिया। सरकार के इस निर्णय से शशि थरूर गदगद हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी में नाराजगी देखने को मिल रही है। फिर भी यही कह सकते हैं कि सरकार जो करती है, वह सोच समझ कर करती है। यदि सरकार ने शशि थरूर को विदेश दौरे में भेजने का निर्णय लिया है, तो यह सरकार का निर्णय है। सरकार के निर्णय को सभी को मानना पड़ता है।

## फौज के साथ यह धर्मनिरपेक्ष भारत की भी जीत है

एल.एस. हरदेनिया

जब से भारत आजाद हुआ है तब से पाकिस्तान ने चार बार हमारे ऊपर युद्ध थोपा है। सबसे पहले 1947 में पाकिस्तान ने कश्मीर को हथियाने की कोशिश की। पाकिस्तान ने यह कोशिश सीधे फौजियों को भेजकर नहीं की थी बल्कि तथाकथित आदिवासियों के माध्यम से यह काम किया था। अंग्रेजों ने जब भारत से अपना कब्जा हटाया तो तय किया था कि जहाँ अंग्रेजों का सीधा राज्य था वहाँ पर सत्ता कांग्रेस को सौंपी जाएगी। इसी तरह से जो मुस्लिम-बहुल क्षेत्र थे उनका शासन जिन्ना के नेतृत्व वाली मुस्लिम लीग को सौंपा गया था। लगभग सभी राजा-रजवाड़ों ने भारत में या पाकिस्तान में शामिल होने का फैसला कर लिया। परन्तु कश्मीर के महाराज हरि सिंह ने स्वतंत्र रहने का फैसला किया। उन्होंने फैसला किया कि ना तो वह भारत में शामिल होंगे और ना ही पाकिस्तान में। परन्तु उनके इस फैसले का कश्मीर की जनता ने विरोध किया और मुस्लिम बहुसंख्यक राज्य होने के बावजूद सर्वमान्य नेता शेख अब्दुल्ला और वहां की जनता ने भारत में शामिल होने का फैसला किया। इस फैसले के बावजूद पाकिस्तान ने आक्रमण कर जम्मू और कश्मीर को पाकिस्तान में शामिल करने का प्रयास किया परंतु उन्हें सफलता नहीं मिली और अंततः कश्मीर का विलय भारत में हुआ। इसके बाद पाकिस्तान ने 1965 में पुनः भारत पर युद्ध थोपा, परंतु उसे सफलता नहीं मिली और लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान पर विजय हासिल की। युद्ध खत्म होने के बाद सोवियत संघ के नेताओं की पहल पर रूस के शहर ताशकंद में समझौता वार्ताएँ हुईं, परंतु दुर्भाग्यवश वार्ताओं के दौरान ताशकंद में लालबहादुर शास्त्री की आकस्मिक मृत्यु हो गईं। इसके बाद 1971 में फिर पाकिस्तान ने हम पर युद्ध लाद दिया। पाकिस्तान के दो हिस्से थे। एक कहलाता था पश्चिमी पाकिस्तान और दूसरा कहलाता था पूर्वी पाकिस्तान। पूर्वी पाकिस्तान में बंगाल का आधा हिस्सा शामिल किया गया। परंतु आज़ाद होने के बाद पाकिस्तान ने बांग्लादेश के नागरिकों पर उर्दू लादने की कोशिश की। इसका वहाँ की जनता ने जबरदस्त विरोध किया। मुस्लिम होने के बावजूद बंगाल की जनता बंगला भाषा को अपनी भाषा मानते थे। बंगला भाषा ना सिर्फ वहां की बोलचाल की भाषा थी वरन वहां के प्रशासन और व्यापार में भी बंगला भाषा का उपयोग होता था। इस दरम्यान पाकिस्तान में चुनाव हुआ और चुनाव में बहुमत बंगाल की अवामी लीग को मिला। परंतु पश्चिमी पाकिस्तान के नेताओं ने अवामी लीग को सत्ता नहीं सौंपी। इस फैसले के विरोध में बांग्लादेश में विद्रोह हो गया। लगभग सभी निवासियों ने पाकिस्तान के नेताओं के फैसले को अमान्य किया। पाकिस्तान ने अपना फैसला मनवाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए। सेना के माध्यम से जबरदस्त जुल्म किया गया। शेख मुजिबुर रहमान समेत हजारों लोगों को जेल में डाल दिया गया। बांग्लादेश के निवासियों ने पाकिस्तान की सत्ता को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी आदेश को मानने से इंकार कर दिया। बांग्लादेश के लोगों ने मुक्ति वाहिनी नाम से विद्रोही सेना का गठन किया। बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोगों ने पाकिस्तान की ज्यादतियों से बचने के लिए भारत में शरण ली। इतनी बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग आए कि भारत को उनके लालन-पोषण में जबरदस्त दिक्कत होने लगी। इस तरह लगभग युद्ध भारत पर लाद दिया गया था। भारत ने मुक्ति वाहिनी को सहायता दी और एक अत्यधिक गंभीर स्थिति पैदा हो गई। उस समय हमारे देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी थीं। उन्होंने बड़े साहस से इस स्थिति का मुकाबला किया। उस समय पूरी दुनिया दो भागों में बंटी हुई थी। एक भाग का नेतृत्व अमरीका कर रहा था और दूसरे भाग का नेतृत्व समाजवादी राष्ट्र सोवियत संघ कर रहा था। प्रारंभ से ही अमरीका के नेतृत्व वाले राष्ट्र जिन्हें पश्चिमी राष्ट्र कहा जाता था पाकिस्तान के मददगार रहे। उन्हें पाकिस्तान की सहायता की आवश्यकता थी क्योंकि पाकिस्तान की सीमा सोवियत संघ से मिलती थी। इसलिए ये पश्चिमी राष्ट्र पाकिस्तान की हर प्रकार की सहायता करते थे। इसके विपरीत सोवियत संघ जहां समाजवादी प्रगतिशील व्यवस्था थी भारत का साथ देता था। 1971 के युद्ध के पूर्व भारत ने सोवियत संघ से एक बीस वर्षीय संधि की। इस संधि के अनुसार यदि सोवियत संघ पर हमला होता है तो भारत उसकी मदद करेगा और भारत पर यदि हमला होता है तो सोवियत संघ उसकी मदद करेगा। इस स्थिति के होते हुए भी बांग्लादेश और भारत में इस स्थिति का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह बताने के लिए श्रीमती गांधी दुनिया के अनेक देशों में गईं। जिन देशों में वे गईं उनमें अमरीका भी शामिल था। अमरीका में उस समय रिचर्ड निक्सन राष्ट्रपति थे। श्रीमती गांधी उनसे मिलीं। निक्सन से उनकी मुलाकात वाईट हाउस के लॉन में हो रही थी। उस समय जो मौसम था वह अत्यधिक सुहावना था। निक्सन ने इस बात का उल्लेख वार्ता के दौरान किया। इस पर श्रीमती गांधी ने कहा कि मैं हज़ारों मील से मौसम की तारीफ सुनने नहीं आई हूँ। खैर वार्ता से कुछ खास उपलब्धि नहीं हुई। अंततः हमें युद्ध लड़ना पड़ा। युद्ध में हमारी जीत निश्चित हुई। अमरीका ने हर संभव सहायता पाकिस्तान को दी। अमरीका ने अपना सातवां बेड़ा (Seventh Fleet) भेजा। इसके जवाब में सोवियत संघ ने भी धमकी दी की हम इस संबंध में भारत की सहायता करेंगे इसलिए अमरीका को मजबूर होकर सातवें बेड़े का मुंह मोड़ना पड़ा। युद्ध लगभग समाप्त हो गया। श्रीमती गांधी ने यह युद्ध फौजों के सहारे ही नहीं बल्कि देश की जनता से प्राप्त अद्भुत समर्थन से भी लड़ा और यहां तक कि उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा माता कहा। भारी संख्या में पाकिस्तानी फौजों ने आत्मसमर्पण किया। युद्ध की समाप्ति के बाद शिमला में भारत और पाकिस्तान के बीच समझौता वार्ताएं हुईं। पाकिस्तान की तरफ से जुल्फिक़ार अली भुट्टो जो वहां के प्रधानमंत्री थे इन वार्ताओं में शामिल हुए। वार्ताएं लगभग असफल रहीं। वार्ताओं के अंत में शिष्टाचार के चलते श्रीमती गांधी श्री भुट्टो से मिलने गईं। उस समय श्री भुट्टो के साथ उनकी बेटी बेनज़ीर भुट्टो भी थीं। बेनज़ीर की आयु उस समय 16 साल थी। जुल्फिक़ार अली भुट्टो के जीवन में बेनज़ीर की वही भूमिका थी जो पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन में इंदिरा गांधी की थी। भुट्टो का इंतजार किया जा रहा था तो बेनज़ीर ने अपने पापा से कहा कि भारत में अभी प्रजातंत्र है, पाकिस्तान में भी प्रजातंत्र है। यदि हम दोनों राष्ट्रों के प्रतिनिधि कुछ हासिल नहीं कर पाए तो यह इतिहास पर काला धब्बा होगा। भुट्टो को यह बात अखरी और उन्होंने बेनज़ीर को आश्वासन दिया कि वो कुछ न कुछ हासिल करने का प्रयास करेंगे।

### सूडोकु नवताल- 7433

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7432 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## नारी शक्तिः प्रेरणा से लेकर परिवर्तन की अगुआ तक!

सोनम लववंशी

भारतीय समाज में जब भी नारी सशक्तिकरण की बात होती है, तो उसे अक्सर सामाजिक अधिकारों, शिक्षा या स्वास्थ्य से जोड़ा जाता है। लेकिन असल शक्ति तब दिखाई देती है जब महिलाएं उन क्षेत्रों में आगे बढ़ती हैं, जिन्हें अब तक पुरुष-प्रधान समझा जाता रहा है। भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना ये तीनों सेनाएँ अब उस बदलाव का गवाह बन चुकी हैं जहाँ महिला अधिकारी न केवल वर्दी पहनती हैं, बल्कि उसका गौरव भी बढ़ा रही हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह आज भारतीय नारी शक्ति के ऐसे ही दो उज्ज्वल प्रतीक हैं, जिन्होंने देश, समाज और आने वाली पीढ़ियों को यह विश्वास दिलाया है कि महिलाएं नेतृत्व करने में भी किसी से कम नहीं। लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी ने वर्ष 2016 में इतिहास रचा, जब उन्होंने बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास फोर्स 18 में भारतीय दल की अगुवाई की। 18 देशों की सेनाओं के बीच भारतीय टुकड़ी की कमान किसी महिला अधिकारी को सौंपना अपने आप में इस बात का संकेत था कि सेना अब योग्यता को लिंग से ऊपर मान रही है। सिग्नल कोर की अधिकारी होने के नाते, उनका कार्य रणनीतिक संचार व्यवस्था को संभालना था। ये एक ऐसा क्षेत्र है, जो सेना के लिए रीढ़ की हड्डी जैसा होता है। इससे पहले भी वे संयुक्त राष्ट्र के कांगो मिशन में सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में सेवा दे चुकी हैं, जहाँ उन्होंने युद्ध प्रभावित इलाकों में मानवीय प्रयासों के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। उनका कद सिर्फ एक सैन्य अधिकारी के तौर पर नहीं, बल्कि एक आदर्श के रूप में स्थापित हुआ है। दूसरी ओर, हाल के घटनाक्रम में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने देश के समक्ष नारी नेतृत्व की एक नई मिसाल पेश की। 7 मई 2025 को उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में आधिकारिक मीडिया ब्रीफिंग की, जो 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में अंजाम दिया गया था। उन्होंने पूरी सटीकता और संयम के साथ बताया कि किस प्रकार भारतीय वायुसेना ने निशाना साधते हुए सीमापार स्थित नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया, वह भी बिना किसी नागरिक क्षति के। यह नेतृत्व का वही रूप है जो शक्ति के साथ संवेदनशीलता को भी साथ लेकर चलता है। पारंपरिक सोच को चुनौती देता है और एक नई सोच को जन्म देता है। ये घटनाएँ सिर्फ दो महिलाओं की व्यक्तिगत उपलब्धियाँ नहीं हैं। यह एक बड़ा सामाजिक परिवर्तन है जो धीरे-धीरे हमारे संस्थानों की सोच में उतर रहा है। सेना जैसे अनुशासित और कठोर ढांचे में महिलाओं की स्वीकार्यता और नेतृत्व की भूमिका उस बुनियादी मानसिकता को चुनौती देती है, जहाँ शक्ति का मतलब सिर्फ बाहुबल समझा जाता था। सोफिया और व्योमिका जैसी महिलाएं दिखाती हैं कि अब शक्ति का अर्थ संवेदना, रणनीति और साहस का संतुलन है। महिला सशक्तिकरण सिर्फ आरक्षण या अवसर का सवाल नहीं है। असली सशक्तिकरण तब होता है जब एक महिला को देश की सीमाओं की रक्षा, रणनीतिक निर्णय और राष्ट्रीय गर्व के प्रतीक मिशनों की कमान दी जाती है—बिना संकोच, बिना शंका। जब कोई युवती इन नामों को पढ़ती है, तो उसे यह महसूस होता है कि सेना अब सिर्फ पुरुषों की बपौती नहीं रही। यह वही क्षण होता है जब सपनों को पंख मिलते हैं। ऐसे में आज जरूरत है कि इस सोच को और व्यापक बनाया जाए। महिलाओं की भागीदारी केवल सैन्य क्षेत्र तक सीमित न रहे, बल्कि हर उस मंच पर हो जहाँ निर्णय लिए जाते हैं, जहाँ नीति बनती है, जहाँ भविष्य की दिशा तय होती है और जब यह बदलाव सशस्त्र बल जैसे संस्थानों में संभव है, तो बाकी क्षेत्रों में भी इसे संभव बनाना कोई सपना नहीं, बल्कि संकल्प होना चाहिए। लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की कहानियाँ यही कहती हैं कि अब नारी शक्ति केवल घर की चौखट तक सीमित नहीं, वह रणभूमि से लेकर रणनीति तक हर मोर्चे पर सक्षम है। उनकी उड़ान हमें याद दिलाती है कि सशक्त नारी सिर्फ प्रेरणा नहीं, परिवर्तन की अगुआ होती है। इतना ही नहीं अब नारी शक्ति किसी विशेष अवसर की मोहताज नहीं, वह हर समय, हर स्थान पर अपनी ऊर्जा और संवेदना से राष्ट्र को मजबूती देती है। जब एक महिला बंदूक उठाती है, तो उसमें सिर्फ सुरक्षा नहीं, संवेदनशीलता भी होती है। जब वह हेलमेट पहनती है, तो उसमें सिर्फ हिम्मत नहीं, जिम्मेदारी की गंभीरता भी होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### लातेहार में अवैध शराब से भरा कंटेनर पकड़ा गया:48 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब जब्त

**लातेहार, एजेंसी।** लातेहार के चंदवा थाना पुलिस ने गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान 48 लाख रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की। शराब दमन दीव से बिहार ले जाई जा रही थी। बोतलों पर सेल फॉर ऑनली फॉर भूटान लिखा था। चंदवा थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध शराब बिहार भेजी जा रही है। इसके बाद चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई।चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाई गई। इसी दौरान दमन दीव से आ रही कंटेनर ट्रक रोका गया। जांच में उसमें 1000 पेटी रॉयल स्पेशल अंग्रेजी शराब मिली। एक पेटी में 180 एमएल की 48000 छोटी बोतलें थीं।चालक से कागजात मांग की गई, लेकिन वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। पुलिस ने ट्रक और शराब जब्त कर ली। चालक जयपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है।

### जमशेदपुर में पूजा-पाठ के सामान के गोदाम में आग, 2 करोड़ से ज्यादा का नुकसान

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गदड़ा में शुक्रवार देर रात पूजा सामग्री के गोदाम में आग लग गई। आग की तेज लपटों के कारण आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। झारखंड सरकार और टाटा मोटर्स की ओर से 6 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। जब आग लगी थी तब तेज हवा भी तेज चल रही थी। इस कारण आग की लपटें तेजी से फैल रही थीं। इससे आसपास के रिहायशी इलाकों में भी आग फैलने का खतरा बना हुआ था। गोदाम में लकड़ी, अगरबत्ती, धूप, पूजा की सजावटी सामग्री और अन्य ज्वलनशील सामान रखा था। गोदाम मालिक के मुताबिक, आग से 2 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

### गिरिडीह में नक्सलियों के हथियारों का जखीरा बरामद

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च अभियान में बड़ी सफलता मिली है। खुखरा थाना क्षेत्र के जोकानाल के पास से नक्सलियों का बंकर बरामद किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन में पुलिस ने जंगल में जमीन के अंदर छिपाए गए 14 हथियार बरामद किए। इनमें 303 बोर का राइफल, एसएलआर, एक 12 बोर बंदूक और 14 सिंगल शॉट बंदूकें शामिल हैं। बरामद सामग्री में 7.62 एमएम की 38 और 9 एमएम की 10 गोलियां , बंडल कॉर्डेक्स वायर और भारी मात्रा में बारूद भी शामिल है। गिरिडीह एसपी डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि पुलिस और सीआरपीएफ की टीमें पारसनाथ पर्वत की तराई वाले इलाके में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए हैं। बरामदगी में नक्सलियों के दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री भी मिली है। पुलिस और सीआरपीएफ की टीमें क्षेत्र में लगातार सर्च अभियान चला रही हैं।

### बाबूलाल सठिया गए हैं..., इरफान अंसारी ने नेता प्रतिपक्ष पर लगाए ये गंभीर आरोप

**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को निशाने पर लिया है। बोकारो की घटना पर मरांडी की प्रतिक्रिया को उन्होंने गलत बताते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी सठिया गए हैं। उनकी राजनीति का स्तर अब पूरी तरह गिर चुका है। बोकारो की घटना पर जिस तरह की भ्रामक और अमानवीय बातें वे कह रहे हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण और उनके नैतिक और मानसिक दिवालियापन का प्रमाण है।एक महिला के साथ क्या हुआ, यह जांच का विषय है। लेकिन भाजपा खुद को कानून से ऊपर मानती है और निर्णय भी खुद ही लेने लगी है। ऐसे समय में पीड़िता के परिवार को सांत्वना देना अगर गलत है तो मैं यह गलती बार-बार करूंगा, क्योंकि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। अंसारी ने कहा कि भाजपा के पास ना तो कोई जनहित का मुद्दा है, ना कोई संवेदनशीलता, सिर्फ घृणा और नफरत फैलाकर वोट बैंक की राजनीति करना इनका काम रह गया है।

# अब ट्रेनों में स्लीपर के यात्री का फर्स्ट एसी में नहीं होगा अपग्रेडेशन

**रेलवे ने लागू किया नया नियम**



**जमशेदपुर, एजेंसी।** ट्रेनों के स्लीपर श्रेणी में सफर करने वाले यात्रियों को अपग्रेडेशन के तहत फर्स्ट एसी में यात्रा करने की सुविधा नहीं मिलेगी। रेल मंत्रालय ने आदेश जारी करते हुए अपग्रेडेशन नीति में संशोधन करते हुए सुविधाओं में कटौती की है।

रेलवे बोर्ड के निदेशक (पैसेंजर मार्केटिंग-2) द्वारा जारी आदेश के तहत किसी भी ट्रेन में उपलब्ध सीटों के अधिकतम उपयोग के उद्देश्य से रेल प्रशासन वेटिंग सूची के यात्रियों को अपग्रेडेशन सुविधा का लाभ देती थी।

2006 से शुरू इस योजना के तहत उपलब्ध रिक्त स्थान के बदले में पूरा किराया देने वाले यात्रियों को उच्च श्रेणी में अपग्रेडेशन की सुविधा देती थी, लेकिन अब इस नीति में परिवर्तन किया गया है।

नए नियम के तहत अब स्लीपर के वेटिंग टिकट वाले यात्रियों का अपग्रेड पहले विकल्प के रूप में थर्ड एसी इकोनॉमी या थर्ड एसी में होगा। यहां सीट उपलब्ध नहीं होने पर उन्हें संबधित यात्री के टिकट को दूसरे विकल्प के रूप में सेकेंड एसी में अपग्रेड किया जाएगा।

वहीं, सेकेंड एसी के यात्री का ही अपग्रेडेशन फर्स्ट श्रेणी में हो पाएगा। इसी तरह, सेकेंड सीटिंग के यात्री की टिकट को अब केवल एसी चेयरकार में अपग्रेडेशन मिलेगा, जबकि चेयरकार के यात्री को एक्जीक्यूटिव चेयरकार व विस्टाडोम कोच में और विस्टाडोप कोच के यात्रियों को एक्जीक्यूटिव अनुभूति श्रेणी में ही अपग्रेड किया जाएगा।


नई व्यवस्था क्रिस में अपलोड होने के बाद यह व्यवस्था पूरे देश में प्रभावी होगी। नई व्यवस्था राजधानी, दुरंतो सहित सभी तरह के ट्रेनों में प्रभावी होगी।

किसी यात्रा के लिए ट्रेन में टिकट बुक कराते समय संबधित यात्री को आवेदन फार्म में अपग्रेडेशन का विकल्प चुनना होगा, तभी उन्हें अपग्रेडेशन की सुविधा मिलेगी। आइआरसीटीसी से ऑनलाइन टिकट बुक कराते समय यात्रियों को ऑटोमेटिक अपग्रेडेशन की सुविधा मिलती है।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत वैसे वरिष्ठ नागरिक, जिन्होंने निचले बर्थ कोर्ट के तहत बुकिंग कराई है, ऐसे यात्री यदि अपग्रेडेशन का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें रेलवे की ओर से एक मैसेज भेजा जाए कि आपका टिकट अपग्रेडेशन के तहत निचली सीट मिल सकती है या नहीं। इसके लिए क्रिस सॉफ्टवेयर में आवश्यक अपडेट करने का आदेश दिया गया है। वहीं, रेल मंत्रालय ने आदेश दिया है कि सभी रिक्त सीटों को बिना किसी रोक के अपग्रेडेशन का लाभ दिया जाए।

साथ ही आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि यदि भविष्य में कोई नई श्रेणी शुरू की जाती है तो यात्रियों को अपग्रेडेशन का लाभ केवल दो स्तरों तक ही मिलेगी।

## एसडीपीओ को रेहला थाना में घुसने से रोकना थाना प्रभारी को पड़ा महंगा, एसपी ने लिया एक्शन



**विश्रामपुर (पलामू), एजेंसी।** विश्रामपुर एसडीपीओ को रेहला थाना में घुसने से रोकना थाना प्रभारी को महंगा पड़ा। इस मामले में एसपी रीष्मा रमेशन ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी संतोष कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।

दरअसल, पूरा मामला बुधवार की रात का है, जब विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने अवैध रूप से बालू का उठाव करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा। वह ट्रैक्टर को लेकर रेहला थाना गए, लेकिन थाने के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था।

एसडीपीओ ने तत्काल थाना प्रभारी को कॉल किया, लेकिन कॉल का कोई जवाब नहीं मिला। इस दौरान एसडीपीओ ने मौके पर तैनात ऑन ड्यूटी पुलिस अधिकारी से जानकारी ली। जिसमें उनको बताया गया कि थाना प्रभारी के निर्देश पर गेट पर ताला लगा हुआ है।

इस मामले में एसडीपीओ ने रिपोर्ट बनाकर एसपी को दी। जिसके आधार पर एसपी ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी संतोष कुमार को निलंबित कर दिया। उनके स्थान पर शहर थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर गुलशन बिरुआ को रेहला का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

उन्होंने शुक्रवार को थाना प्रभारी के पद पर योगदान दे दिया। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी को कम करना है। पुलिस हमेशा सेवा कार्य के लिए तत्पर है।

## कौन सी शादी ? कैसी शादी, हम लोग कुछ नहीं जानते, फिर तिलक की राह देख रहा दूल्हा पहुंच गया थाना

**विश्रामपुर (पलामू), एजेंसी।** रेहला थाना क्षेत्र के सिगसीगी पंचायत अंतर्गत सुलूमदाग जावा खांड़ में 15 अप्रैल को सुजीत कुमार उरांव के घर पर चहल-पहल थी। उसके नाते- रिश्तेदार, पास-पड़ोसी, दोस्त-यार, ग्रामीण सभी जुटे हुए थे।

सभी को खिलाने के लिए मुर्गा-भात बन चुका था। मौका सुजीत कुमार उरांव के तिलक का था। जो भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी गांव के जमुना उरांव के घर से आने वाला था। लेकिन निर्धारित समय तक तिलक लेकर दुल्हन पक्ष के लोग नहीं पहुंचे तो वर पक्ष के लोगों को चिंता होने लगी।

उसके बाद जब लड़की के जीजा जितेंद्र उरांव को फोन किया गया तो जीजा ने कहा कि कौन सी शादी, कैसी शादी, हम लोग कुछ नहीं जानते हैं। इस पर वर पक्ष की ओर से लड़की के गांव में लोकल परिचितों को भेजा गया तो पता चला कि सास-ससुर समेत दुल्हन को उसका बहनोई कहीं भगा ले गया है।

इस पर वर पक्ष के लोग रेहला थाना पहुंचे। जहां सुजीत कुमार उरांव के पिता कपिलदेव उरांव ने आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि दुल्हन पक्ष की ओर से उनको धोखा दिया गया है।

तिलक समारोह में मेहमान भी आ चुके थे। घर को चारों ओर से सजाया भी गया था। मुर्गा चावल भी बना हुआ था। उनके लड़का का शादी कार्ड भी बंट गया था। बरात जाने के लिए गाड़ी, डीजे, फूल-माला सभी बुक कर दिया गया था। जिसमें उनका लाखों रुपया का नुकसान हुआ है।

पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए उनके द्वारा खर्च की गई राशि को दुल्हन पक्ष से दिलाने का कार्य करें तभी उनको राहत मिलेगी अन्यथा बर्बाद हो जाएंगे।

# झारखंड से निकाले जाएंगे बांग्लादेशी और रोहिंग्या

## एसटीएफ करेगी इनकी पहचान, जिलों में बनेंगे होल्डिंग सेंटर




**रांची, एजेंसी।** झारखंड में रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्या को चुन-चुन कर निकाला जाएगा। जल्द ही इसकी कवायद प्रदेश में शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए स्पेशल टास्क फोर्स सभी जिलों में बनाया जाएगा। यही स्पेशल टास्क फोर्स बांग्लादेशियों और रोहिंग्या को चिह्नित करने का काम करेगी। इस बाबत केंद्र की ओर से राज्य के चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखा गया है। 2 मई को लिखे गए पत्र में पूरा प्रोसिजर बताया गया है।

**जिलों में बनाए जाएंगे होल्डिंग सेंटर्स :** केंद्र की ओर से सभी राज्य को यह पत्र भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि सरकारें अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी और म्यांमार निवासियों को चिह्नित करें। इसके बाद इन्हें होल्डिंग सेंटर में रखें। चिह्नित बांग्लादेशियों और रोहिंग्या को होल्डिंग सेंटर पर रखने के लिए सभी जिले में ऐसा सेंटर बनाने को कहा है।

केंद्र ने कहा है कि ऐसा करने के लिए जिलावार स्पेशल टास्क फोर्स बनाएं, ताकि इन्हें डिपोर्ट किया जा सके। होल्डिंग सेंटर में जांच-पड़ताल पूरी करने के बाद उन्हें बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स और कोस्ट गार्ड्स को सौंपा जाएगा। इसके बाद संबंधित देश को उनके नागरिकों को सौंपा जाएगा।

**नागरिकता के दावे पर 30 दिनों में सत्यापन :** पत्र में कहा गया है कि अगर कोई बांग्लादेशी या रोहिंग्या भारतीय नागरिक होने का दावा करते हैं और वे बताते हैं कि संबंधित राज्य में वह रहते हैं तो संबंधित राज्य सरकार, होम सेक्रटरी और जिला प्रमुख उसका नाम, माता-पिता, आवासीय पता, निकटतम रिश्तेदारों का विवरण उक्त राज्य में भेजेगा। इसके बाद संबंधित राज्य/जिला प्रमुख 30 दिनों के भीतर उक्त आदमी के दावे का सत्यापन कर संबंधित राज्य सरकार के जिला प्रमुख को रिपोर्ट सौंपेगी। पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार सभी जिले के प्रमुख को वेरिफिकेशन के लिए दिशा-निर्देश जारी करे। इसके बाद चिह्नित होने पर संबंधित व्यक्ति को उनके देश भेजने तक होल्डिंग सेंटर पर रखा जाएगा।

**संथाल में आदिवासी घुसपैठ है बड़ा मुद्दा :** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ बड़ा मुद्दा है। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा बनाया था। वहीं बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर झारखंड हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सुनवाई चल रही है। झारखंड हाईकोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने कहा था कि संथाल परगना में बांग्लादेशियों की घुसपैठ की स्थिति अलार्मिंग है।

वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने राष्ट्रीय जनगणना के हवाले से हाईकोर्ट के समक्ष जो डेटा पेश किया, उसके मुताबिक साल 1951 में संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी आबादी 44.67 प्रतिशत से घटकर साल 2011 में 28.11 प्रतिशत हो गई। इसके पीछे की एक बड़ी वजह बांग्लादेशी घुसपैठ है।

## धुर्वा में दोहरे हत्याकांड का खुला राज, दुष्कर्म का बदला लेने के लिए काट दिए युवकों के सिर

**तुपुदाना (रांची), एजेंसी।** धुर्वा थाना क्षेत्र के गरसुल बांध के पास मिले दो युवकों के शव की पहचान के बाद पुलिस हत्या के पीछे के कारण का भी पता लगा चुकी है। सूत्रों के अनुसार इस हत्याकांड के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि कुछ दिनों पहले दोनों युवकों ने मिलकर खूंटी जिले की एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता का रिश्तेदार खुद जिले का कुख्यात अपराधी है। उसे घटना की जनकारी मिली, जिसके बाद वह गुस्से से पागल हो गया।

बदला लेने के प्लान के तहत उसने अपने कुछ गुर्गों को उनके पीछे लगाया, जो धीरे-धीरे उनसे घुलमिल गए। इसके बाद बीते शनिवार को उसने अपने गुर्गों के जरिए दोनों युवकों तक मैसेज भिजवाया कि धुर्वा के गरसुल बांध के पास एक पार्टी रखी गई है। गुर्गे दोनों को लेकर गरसुल बांध के पास पहुंचे और वहां उन्हें खिलाने-पिलाने के बाद मौका देखकर दोनों के गर्दन काटकर हत्या कर दी।

शवों को वहीं छोड़कर सभी मृतकों की केटीएम बाइक और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। ये जानकारी गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपित ने पुलिस को दी है। हालांकि, पुलिस अभी इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। संभवतः शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर पुलिस पूरी जानकारी देगी।

रांची और खूंटी पुलिस लगातार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही थी। टेक्निकल सेल की मदद से मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने पहले तो पुलिस को घूमाने का प्रयास किया, लेकिन टेक्निकल सेल द्वारा जुटाए गए साक्ष्य एवं सख्ती के आग टूट गया। इसके बाद युवकों की हत्या करने की बात कबूल ली।

पूछताछ में उसने बताया कि हत्याकांड में उसके अलावा उसके चार-पांच और साथी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित कुख्यात अपराधी है। उसपर दर्जनों मामले दर्ज हैं।

धुर्वा थाना क्षेत्र के बालसिंरिंग स्थित गरसुल बांध के पास 11 मई को दो युवकों की सिर कटी लाश मिली थी। अगले दिन शवों की पहचान हुई। दोनों मृतक खूंटी थाना क्षेत्र के चामडी गांव के रहने वाले थे। उसके बाद पुलिस ने रिम्स के मार्चरी हाउस से दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए थे।

इसके बाद धुर्वा थाने में इंस्पेक्टर विमल किड़ो के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में लगातार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही थी, जिसके बाद मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी हुई।

## रांची में सरकारी शराब दुकान में 45 लाख का गबन, 4 कर्मियों पर दर्ज हुई एफआईआर



**रांची, एजेंसी।**

राजधानी के शराब दुकानों में काम करने वाले कर्मचारी लगातार चोरी और गबन कर रहे हैं।ताजा मामला रांची के लालपुर थाना क्षेत्र का है।यहां स्थित एक सरकारी शराब दुकान के कर्मचारियों ने 45 लाख रुपए का गबन किया है।मामले को लेकर लालपुर थाने में शराब दुकान के चार कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

### लालपुर थाने में मामला दर्ज

रांची के लालपुर थाना क्षेत्र के करमटोली चौक के पास स्थित सरकारी शराब दुकान में करीब 45 लाख रुपए का गबन कर लिया गया है।गबन का आरोप दुकान के चार कर्मचारियों गोवर्धन ठाकुर, निरंजन उरांव, राकेश कुमार और सौरभ कुमार सिंह पर लगा है।इस मामले में सरकारी शराब दुकानों से पैसा वसूली के लिए नियुक्त कंपनी एमएस फ्रंटलाइन बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक सर्वजीत कुमार ने चारों के खिलाफ लालपुर थाने में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### क्या है एफआईआर में

कंपनी के प्रबंधक की ओर से थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि आरोपियों ने जुलाई 2023 से फरवरी 2025 के बीच गबन किया है।इसका खुलासा ऑडिट के बाद भौतिक सत्यापन के दौरान हुआ है।जिसमें पाया गया कि जुलाई 2023 से फरवरी 2025 के बीच करीब 16 करोड़ की शराब दुकान में होनी चाहिए थी।लेकिन जांच में यह पता चला कि 27 मार्च 2024 और 25 अक्टूबर 2024 को दुकान में चोरी हुई थी।उस समय 21 लाख की शराब चोरी हुई थी।

उसके बाद जनवरी 2025 को दुकान में आग लग गई थी।जिसमें एक करोड़ से अधिक की क्षति हुई थी।इस हिसाब से 14 करोड़ 66 लाख रुपए सरकारी खाता में जमा होना चाहिए था।मगर 14 करोड़ 21 लाख रुपए ही सरकार के खाते में जमा हुआ।करीब 45 लाख रुपए का गबन किया गया है।वहीं एफआईआर दर्ज होने के बाद लालपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# ईजी मनी के चक्कर में साइबर क्राइम की दलदल में फंस रहे युवा, 5 गिरफ्तार



**दुमका, एजेंसी।** जिले में ईजी मनी प्राप्त करने के चक्कर में युवा साइबर क्राइम की दलदल में फंसते जा रहे हैं। शुक्रवार को पुलिस ने 20 - 22 साल उम्र के पांच युवकों को साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया। इन सभी को जेल भेज दिया गया है। दुमका के तालझारी थाना की पुलिस ने प्रतिबिंब एप के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले पांच शातिर ठगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। सभी लोग एक पहाड़ी पर बैठ लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे थे। गिरफ्तार युवकों के नाम वरुण यादव, संजय यादव, विनय यादव, कुंदन यादव और पप्पू मंडल है। ये पांचों 20 - 22 वर्ष के हैं। पप्पू मंडल साइबर क्राइम के मामले में ही पहले भी जेल जा चुका है।

ये सभी लोग कस्टमर केयर में अपना मोबाइल नंबर डालकर लोगों को शिकार बनाते थे। इसके साथ ही लोगों के मोबाइल फोन पर लॉटरी, इनाम, लोन और अन्य तरीकों से रुपए का लालच देकर अपना शिकार बना लेते थे। पुलिस ने इनके पास से एक बाइक, 11 स्मार्ट फोन, 23 सिम और आठ एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि सूचना मिली कि हेठतीनघरा पहाड़ पर कुछ लोग झाड़ी में बैठकर साइबर ठगी कर रहे हैं। सभी को पकड़ने के लिए छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें यह सफलता मिली है। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे गूगल के कस्टमर केयर में अपना मोबाइल नंबर डालकर लोगों को शिकार बनाते थे। ठगी के लिए हर हथकंडा अपनाते थे। ईजी मनी के चक्कर में इस क्षेत्र को अपनाया। एसपी ने बताया कि पप्पू पहले भी साइबर ठगी में जेल जा चुका है।

इनके पास से बहुत सी जानकारी हाथ लगी है, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने जानकारी दी कि साइबर क्रिमिनल को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और पिछले 45 दिनों में 20 से अधिक साइबर को जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि कोई भी आपको आसानी से किसी तरह का इनाम या रुपए नहीं देने वाला है। यह सब साइबर क्रिमिनल्स का जाल होता है। इस अपराध से अगर आप बचाना चाहते हैं तो जागरूक बनिए।

## देवघर में मिड-डे-मील खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ी, आनन-फानन में छात्रों को अस्पताल में कराया गया भर्ती




**देवघर, एजेंसी।** जिले के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया विद्यालय में गुरुवार को मध्याह्न भोजन (मिड-डे-मील) खाने के बाद कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ गई।स्कूल से घर पहुंचने के बाद कुछ बच्चों को अचानक उल्टी होने लगी।परिजनों ने बच्चों की स्थिति देखकर उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया।

अस्पताल में बच्चों का इलाज शुरू किया गया।चिकित्सक के अनुसार दो से तीन बच्चों की तबीयत ज्यादा खराब थी।इस कारण उनका इलाज किया जा रहा है और बाकी सभी बच्चों को जांच के बाद घर भेज दिया गया है।हालांकि इस दौरान परिजन काफी सहमे नजर आए।अस्पताल में परिजनों की भीड़ लग गई थी। वहीं, पूरे मामले पर देवघर के जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि जैसे ही उन्हें जानकारी मिली उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से बात की।जिसमें बताया गया कि दो-तीन बच्चों की ही तबीयत खराब हुई थी।अन्य बच्चे शक की वजह से अस्पताल में भर्ती हो गए थे।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में सभी बच्चों की स्थिति सामान्य है।उन्होंने कहा कि जिन दो-तीन बच्चों की तबीयत ज्यादा खराब है उनके संबंध में डॉक्टर से बात कर रहे हैं और उनके इलाज को लेकर निगरानी बनाए हुए हैं।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि मामले की जांच के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है।जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि तबीयत खराब होने की वजह मध्याह्न भोजन है या फिर किसी अन्य कारण से बच्चों की तबीयत खराब हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### लालू यादव की बढ़ी मुश्किल, इस मामले में कोर्ट ने दिया कुर्की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश

**सिवान, एजेंसी।** सिवान कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव पर कुर्की की प्रक्रिया जारी करने का आदेश दिया है। मामला साल 2011 का है ,जब विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या 109 दारौंदा के राजद प्रत्याशी परमेश्वर सिंह के समर्थन में तत्कालीन रेल मंत्री एवं राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए भाषण दिया था।



जिस स्थल पर उन्होंने भाषण दिया था वहां पर पूर्व से धारा 144 लगी हुई थी और ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करना वर्जित था, लेकिन लालू प्रसाद यादव ने ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करते हुए भाषण दिया। इसके बाद उनके विरुद्ध आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। इसी मामले में उनकी लगातार अनुपस्थिति को देखते हुए एसीजेएम प्रथम सिवान की अदालत ने कुर्की जब्ती की प्रक्रिया जारी करने का आज आदेश पारित किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 30 मई को होगी।

### बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अपग्रेडेशन की डेडलाइन बढ़ी, अब इस तारीख तक कई सेवाएं बाधित

**पटना, एजेंसी।** राज्य में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के डाटा मैनेजमैंट सिस्टम के अपग्रेडेशन कार्य की अवधि को 19 मई तक के लिए बढ़ा दी गई है। यह अपग्रेडेशन कार्य 13 मई से आरंभ हुआ था और इसे सुचारू रूप से पूर्ण करने हेतु यह विस्तार किया गया है।बिजली कंपनी की ओर से दी गई



आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस अवधि के दौरान उपभोक्ताओं को रिचार्ज की जानकारी मीटर पर तुरंत नहीं दिखेगी। हालांकि विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी, परंतु अपग्रेड प्रक्रिया के पूर्ण होने तक कुछ सेवाएं सीमित रह सकती हैं।

इससे पहले स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य की दोनों विद्युत वितरण कंपनियां साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से प्रीपेड मीटर प्रणाली को अपग्रेड किया जा रहा है। जिसकी कार्य अवधि 13 से 15 मई थी, लेकिन अब चार दिन और बढ़ा दी गई है। अपग्रेडेशन का कार्य गया, मुजफ्फरपुर तथा भागलपुर शहरी क्षेत्रों को छोड़ कर राज्य के अन्य सभी शहरी क्षेत्रों में चल रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार 29 मई को बिहार आएंगे पीएम मोदी, कई बड़ी योजनाओं की देंगे सौगात

**पटना, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की तैयारियों के साथ ही राजनीतिक दलों सक्रिता भी बिहार में तेजी से बढ़ रही है। सत्तापक्ष एवं विपक्ष के साथ ही तीसरा कोण बनाने को लेकर कई नए नवेले दल दम ठोक रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी का भी चार महीने के अंदर तीसरी बार 29 मई को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आने का कार्यक्रम निर्धारित हो गया है। मोदी 29 की शाम पटना पहुंचेंगे और लोकनायक जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत रात्रि विश्राम पटना में करेंगे।

अगले दिन 30 मई को रोहतास जिले के विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले कई योजनाओं का पीएम के हाथों उद्घाटन एवं शिलान्यास प्रस्तावित है।

प्रधानमंत्री इससे पहले गत वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान पटना में रोड शो के उपरांत राजभवन में रात्रि विश्राम किए थे। मोदी की दो दिवसीय यात्रा की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप



जायसवाल ने पुष्टि की है।

मोदी चार महीने के अंदर तीसरी बार बिहार आएंगे। इससे पहले 24 फरवरी को भागलपुर एवं 24 अप्रैल को मिथिलांचल की यात्रा पर मधुबनी आए थे। भागलपुर की यात्रा दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से देश के किसानों के खाते में भेजी थी। साथ कई योजनाओं का शिलान्यास एवं शुभारंभ किया था। इसके उपरांत मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल को मधुबनी यात्रा के दौरान जीविका दीदियों के लिए केंद्र सरकार की ओर से की जा रही मदद को विस्तार से गिनाया था। साथ ही रेलवे, सड़क एवं बाढ़ प्रबंधन से संबंधित कई योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया था। अब मोदी विक्रमगंज की सभा राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) की कमजोर हो रही जड़ में राजनीतिक खाद-पानी डालेंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान शाहाबाद क्षेत्र की पांच सीटों पर राजग की हार हुई थी।

## रामविलास को भारत रत्न, निजी क्षेत्र में आरक्षण, चुनाव से पहले लोजपा रामविलास ने की बड़ी मांग




**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। इसी क्रम में लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास के अध्यक्ष राजू तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कार्यकारिणी की बैठक हुई। वहीं, दूसरी ओर जदयू प्रवक्ताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा तेलंगाना में जातीय गणना को बेहतर मॉडल बताने पर आपत्ति जताई।

लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास की कार्यकारिणी बैठक में विधानसभा चुनाव में पार्टी की स्वतंत्र पहचान के साथ भागीदारी सुनिश्चित करने और निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू कराने की मांग संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया।

साथ ही, बोधगया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नामकरण भगवान बुद्ध के नाम पर करने, रामविलास पासवान को भारत रत्न देने और उनकी प्रतिमा संविधान सदन में स्थापित करने तथा बहुजन-भीम संकल्प समागम का आयोजन करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया।

अपने संबोधन में नेताओं ने राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला और कहा कि राहुल गांधी सिर्फ बिहार घूमने आते है। राहुल गांधी ने दरभंगा के दलित छात्रावास में जाकर सिर्फ फोटो सेशन कराया और दलितों के प्रति संवेदनशील होने का ढोंग किया।

कार्यक्रम का संचालन पार्टी के प्रधान महासचिव संजय पासवान ने किया। बैठक में सांसद अरुण भारती, मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडे और झारखंड के चतरा विधायक जनार्दन पासवान समेत सभी जिलाध्यक्ष मौजूद थे।

जदयू ने शुक्रवार को यह सवाल किया कि अगर तेलंगाना सरकार की जातीय गणना पारदर्शी है तो अब तक उसके आंकड़े सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए? कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए जदयू प्रवक्ताओं ने कहा कि उनके पास जानकारी का घोर अभाव है।

जदयू प्रदेश कार्यालय पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, विधानपार्षद सह मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता निहोरा प्रसाद यादव ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इस विषय को उठाया। जदयू प्रवक्ताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा तेलंगाना में जातीय गणना को बेहतर मॉडल बताने के दावे पर कड़ी आपत्ति जताई।

यह कहा गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार ने जातीय गणना से पूर्व ही 215 जातियों की सूची सार्वजनिक की और प्रत्येक जाति को यूनिक कोड आवंटित किया गया, जिससे डाटा की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सके।

बिहार की जातीय गणना केवल जनसंख्या तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें यह भी दर्ज किया गया कि किस जाति के पास कितने लैपटाप, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन, बैंक खाता, मोबाइल, टीवी और जमीन है। यह सर्वे सामाजिक और आर्थिक स्थिति की समग्र तस्वीर प्रस्तुत करता है।

इसके विपरीत, तेलंगाना सरकार की जातीय गणना में न तो इन पहलुओं को शामिल किया गया और न ही किसी अधिकृत जाति सूची या यूनिक कोडिंग का कोई प्रमाण सामने आया है। यह अंतर स्वयं सिद्ध करता है कि बिहार मॉडल कहीं अधिक वैज्ञानिक, व्यापक और पारदर्शी है।

## बाढ़ में बना 100 बेड का मार्डन अस्पताल: 300 गांव के लोगों को नहीं जाना पड़ेगा पटना

**पटना, एजेंसी।** पटना के बाढ़ अनुमंडल में नया आधुनिक अस्पताल जल्द ही शुरू होने जा रहा है। इस अस्पताल से 7 प्रखंड के 300 से अधिक गांवों के लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। 19.50 करोड़ रुपये की लागत से बने इस अस्पताल का निर्माण 16 जनवरी 2023 से शुरू हुआ था। ग्राउंड फ्लोर समेत तीन मंजिला इस अस्पताल भवन में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



**ब्लड कलेक्शन की भी होगी सुविधा-** नवजात के लिए नीकू-पीकू वार्ड की विशेष व्यवस्था की गई है। बर्न यूनिट और गर्भवती महिलाओं के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए गए हैं। अस्पताल में ब्लड कलेक्शन की सुविधा भी होगी, जिससे मरीजों को ब्लड के लिए पटना नहीं जाना पड़ेगा।

फिलहाल बाढ़ अनुमंडल अस्पताल एक जर्जर बिल्डिंग में चल रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण यह केवल एक रेफरल अस्पताल बन कर रह गया है। दुर्घटना के मामलों में भी मरीजों को पी.एम.सी.एच.रेफर करना पड़ता है।

**15 से 20 जून तक हो सकता है उद्घाटन : एसडीएम-** एसडीएम शुभम कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जून में अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। पटना से आई डीपीएम हेल्थ की टीम ने नए भवन का निरीक्षण कर लिया है। उद्घाटन के बाद पुराने भवन को तोड़ दिया जाएगा। 15 से 20 जून के बीच अस्पताल का उद्घाटन होने की संभावना है। उद्घाटन के दो सप्ताह बाद अस्पताल को मरीजों के लिए खोल दिया जाएगा।

**लगभग सभी काम पूरा : उपाधीक्षक-** अस्पताल के उपाधीक्षक विनय कुमार चौधरी ने कहा कि नए भवन के उद्घाटन के बाद ब्लड स्टोरेज की सुविधा उपलब्ध होगी। एंबुलेंस की संख्या बढ़ाई जाने की मांग भी की जाएगी। विद्युत कनेक्शन छोड़कर लगभग सभी काम पूरे हो चुके हैं। विद्युत कनेक्शन के बाद टेस्टिंग की जाएगी, जिसके बाद उद्घाटन की तारीख तय की जाएगी। पोस्टमार्टम के भवन की व्यवस्था भी की गई है, विभिन्न रोग विशेषज्ञ की मांग भी विभाग से की जाएगी।

## आरा में सड़क हादसे में घायल किसान की मौत

**पिछले 15 दिनों से पटना में भर्ती थे, अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी**

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा के टाउन थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिछले 15 दिनों से पटना के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती थे। मृतक श्रीनिवास सिंह(30) तीयर गांव के रहने वाले थे। खेती-बाड़ी करते थे। 30 अप्रैल को तिलक समारोह में शामिल होने के लिए जमीरा गांव जा रहे थे। धरहरा के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी। परिजनों ने बताया कि वाहन की टक्कर से श्रीनिवास सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पहले आरा में ही भर्ती थे। बाद में डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया था। जहां शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। मृतक 3 भाई और 4 बहन में सबसे छोटा था। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों के बयान के आधार पर छानबीन की जा रही है।

## सेना के शौर्य और सम्मान में लॉन्च हुआ मनोज तिवारी का सिंदूर की ललकार

**पटना, एजेंसी।** भोजपुरी फिल्म अभिनेता और उत्तर-पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने शुक्रवार शाम अपना नया देशभक्ति गीत ÷सिंदूर की ललकार÷ सोशल मीडिया पर लॉन्च किया। यह गाना उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य और सम्मान में समर्पित किया है। इसका संगीत सूरज विश्वकर्मा ने तैयार किया है और सुरभि तिवारी ने इसे प्रोड्यूस किया है। गाने की परिकल्पना नीलकांत बख्शी की है और इसे साविका फिल्म्स ने प्रस्तुत किया है।

गाने में बताया गया है कि जब 30 लाख सैनिकों के पीछे 150 करोड़ हिंदुस्तानी खड़े हों, तो दुश्मनों को जवाब देने में देर नहीं लगती।



गाने की पंक्तियां हैं - 30 लाख सैनिक के पीछे, 150 करोड़ हिंदुस्तानी...नाप देंगे, जब चाहेंगे, दुश्मन में कितना है पानी..,धर्म पूछ कर चली गोलियां सहन नहीं हो पाता है, खून और पानी साथ बहे अब यह नहीं संभव होगा..। बता दें कि हाल ही में भारतीय सेना द्वारा किए गए ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ में आतंकियों को करारा जवाब दिया गया है। भारतीय सेनाओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमला में भारतीय महिलाओं का सिंदूर मिटाने वाले जिहादियों को जहन्नुम में पहुंचाया है। उनके इस शौर्य और पराक्रम को संपूर्ण भारतीय सलाम कर रहे हैं। देशवासी सेनाओं को अपने-अपने तरीके से सम्मान दे रहे हैं। इसी बहादुरी से प्रेरित होकर मनोज तिवारी ने यह गीत लिखा और अपनी आवाज में इसे प्रस्तुत भी किया। गीत को सोशल मीडिया पर लोगों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। मनोज तिवारी का यह प्रयास भारतीय सेना के प्रति आम जनता की भावना को आवाज देता है।

## छात्रों को आरक्षण नहीं देने वाले निजी विश्वविद्यालयों की बढ़ी मुश्किल, शिक्षा विभाग ने मांगी रिपोर्ट

**पटना, एजेंसी।** प्रदेश में संचालित निजी विश्वविद्यालयों में भी आरक्षण का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी जांच होगी। इसके मद्देनजर शिक्षा विभाग ने निजी विश्वविद्यालयों से आरक्षण का पालन संबंधी रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट के आधार पर शिक्षा विभाग यह भी परखेगा कि निजी विश्वविद्यालयों में आरक्षण का पालन हो रहा है या नहीं।

अपनी गतिविधियां बताने के लिए प्रत्येक निजी विश्वविद्यालय को शिक्षा विभाग के समक्ष प्रेजेंटेशन देना होगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने संबंधित निजी विद्यालयों को दिशा-निर्देश जारी किया है।

शिक्षा विभाग द्वारा जिन निजी विश्वविद्यालयों के अध्यक्ष व सचिव को पत्र भेजा गया है, उनमें सामाजिक कल्याण संस्था, संदीप फाउंडेशन, दवे मंगल मेमोरियल ट्रस्ट,




अल-करीम एजुकेशनल ट्रस्ट।

माता गुजरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं लायंस सेवा केंद्र हास्पिटल, आल इंडिया सोसाइटी फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर टेक्नोलॉजी और रितनंद बेल्व्ड एडुकेशन फाउंडेशन शामिल हैं। निर्देश के मुताबिक संबंधित निजी विश्वविद्यालयों के नियम एवं परिनियम का सरकार से अनुमोदन, नामांकन की प्रक्रिया एवं आरक्षण का पालन, शुल्क में प्रविधान के अनुरूप दी जाने वाली छूट का अनुपालन, फीस संरचना, फीस के लिए समिति का गठन, फीस संरचना से राज्य सरकार को अवगत कराना। अकादमिक कैलेंडर, परीक्षा कैलेंडर, खेल कैलेंडर का निर्माण एवं समय-सीमा के अनुरूप उसका अनुपालन, विश्वविद्यालय का डायनामिक सेक्योर्ड वेबसाइट, छात्रों के लिए प्लेसमेंट सेल का गठन एवं उसकी उपलब्धियां, विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रविधानों का अनुपालन की जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा एनसीआरएफ, सीबीसीएस के साथ-साथ एबीसी-एनएडी आदि लागू कराया जाना, समर्थ पोर्टल एवं इसके सदृश्य अन्य साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी का उपयोग, आडिट एवं वार्षिक लेखा प्रतिवेदन तथा अन्य विशेष शैक्षिक गतिविधियों के बारे में सूचना देने को कहा गया है।

# पटना के 5 रूट पर पिंक बस सेवा शुरू, किराया 6 रुपये से शुरू, महिला ही कंडक्टर

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में 5 रूट पर लेडीज स्पेशल पिंक बस सेवा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना से 6 जिलों के लिए 20 पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पटना में पिंक बस में पहले दिन 250 से ज्यादा महिला यात्रियों ने सफर किया। इसमें गांधी मैदान से 4 बसों का परिचालन शुरू हुआ। एक बस एनआईटी पटना से कंकड़बाग ऑटो स्टैंड तक चलेगी। पिंक बस का किराया 6 रुपये से शुरू है। अधिकतम टिकट 25 रुपये का है। इन बसों में कंडक्टर महिलाएं हैं।

पिंक बस सेवा केवल महिला यात्रियों के लिए है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सीट पर जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और इमरजेंसी अलार्म है। ये बसें सीएनजी से चलाई जा रही हैं। हर बस में बैठने के लिए 22 आरामदायक सीटे हैं। सीटों पर पैनिक बटन के साथ ही बस में सीसीटीवी कैमरा भी है। हर सीट के पास महिला यात्रियों को मोबाइल चार्जिंग की सुविधा भी दी गई है।

### पटना में इन रूट पर चलेंगी पिंक बस

- गांधी मैदान से पटना जीपीओ, आर ब्लॉक, इनकम टैक्स गोलंबर, पटना वीमेंस कॉलेज, सचिवालय, राजवंशी नगर मोड़, पटेल नगर होकर बाबा चौक तक
- गांधी मैदान से पटना जीपीओ, आर ब्लॉक, इनकम टैक्स, पटना वीमेंस कॉलेज, बिहार म्यूजियम, बोरिंग रोड, एएन कॉलेज, पाटलिपुत्रा, पीएंडएम मॉल होकर कुर्जी तक
- एनआईटी पटना से गांधी मैदान, पटना स्टेशन, कंकड़बाग कॉलोनी मोड़ होते हुए कंकड़बाग ऑटो स्टैंड तक
- कारगिल चौक से बिस्कोमान भवन बस स्टॉप, दूरदर्शन केंद्र, बाटा मोड़, डाक बंगला चौक बस स्टॉप, तारामंडल, जीपीओ, आर ब्लॉक, इनकम टैक्स चौराहा, पटना वीमेंस कॉलेज, बिहार म्यूजियम, हड़ताली मोड़, सचिवालय, ललित भवन, चिड़ियाघर, शेखपुरा, आईजीआईएमएस, आशियाना मोड़, जगदेव पथ, गोला रोड, आरपीएस मोड़, सगुना मोड़, दानापुर तक
- कारगिल चौक से बिस्कोमान भवन, डाक बंगला चौराहा, तारामंडल, जीपीओ, आर ब्लॉक, सप्तमूर्ति, पुराना सचिवालय, चितकोहरा मोड़, अनीसाबाद, ख्वाजा इमाम मजार, महावीर कैंसर संस्थान, फुलवारीशरीफ ब्लॉक, वाल्मी, पटना एम्स तक

**6 से 25 रुपये तक है किराया-** पिंक बसों का किराया भी इतना रखा गया है कि महिलाओं पर आर्थिक बोझ ना पड़े। 6 रुपये से 25 रुपये खर्च कर महिलाएं पिंक बस में सफर कर सकती हैं। अगर गांधी मैदान से दानापुर रेलवे स्टेशन तक जाते हैं, तो अधिकतम 25 रुपये खर्च होंगे।

## मुकेश सहनी के इंतजाम में जुट गई बीजेपी, हर प्रमंडल में मछुआरा सम्मेलन करेगी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में लगभग 8-9 फीसदी निषाद समाज के वोटरों पर सन ऑफ मल्लाह के नाम से मशहूर मुकेश सहनी का प्रभाव काटने और यथासंभव वोट बटोरने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हर प्रमंडल में मछुआरा सम्मेलन करने का फैसला किया है। महत्वपूर्ण ये बात है कि आयोजन एनडीए के बैनर तले नहीं होगा बल्कि भाजपा का खुद का कार्यक्रम होगा। शुक्रवार को ही चिराग पासवान की पार्टी लोजपा-रामविलास ने भी एनडीए में रहते हुए अलग से बहुजन भीम संवाद के नाम से स्वतंत्र कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है। कुछ समय पहले एनडीए के दलों ने मिलकर अभियान और कार्यक्रम की बात की थी लेकिन ज्यों-ज्यों चुनाव नजदीक आ रहा है, इस तरह के स्वतंत्र कार्यक्रमों से क्या संदेश जाएगा, समझने वाली बात है।

भाजपा मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ की शुक्रवार को पटना में प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में निर्णय हुआ है कि पार्टी हरेक कमिश्नरी मुख्यालय में मछुआरा सम्मेलन करेगी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी



शामिल हुए। भाजपा ने जून-जुलाई में आयोजित होने वाले मछुआरा सम्मेलनों की तारीख भी तय कर ली है। 10 जून को मुजफ्फरपुर, 14 जून को कटिहार, 18 जून को दरभंगा, 22 जून को मोतिहारी, 26 जून को समस्तीपुर, 30 जून को खगड़िया और 10 जुलाई को पटना के बापू सभागार में मछुआरा सम्मेलन होगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बैठक के बाद कहा कि 15 दिनों के अंदर मछुआरा आयोग का गठन कर दिया जाएगा, जिसमें इसी समाज के नेता सदस्य और अध्यक्ष बनाए जाएंगे।

# वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड का उद्घाटन, सम्मान को लेकर दिया भावुक बयान

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आज एक खास कार्यक्रम हुआ जहां रोहित शर्मा के नाम पर एक स्टैंड का उद्घाटन किया गया. मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) द्वारा इस समारोह को आयोजित किया गया. हाल ही में हुई MCA की 86वीं सभा में यह निर्णय लिया गया था कि दिवेचा पवेलियन लेवल 3 का नाम बदलकर "रोहित शर्मा स्टैंड" रखा जाएगा, ताकि भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे कप्तान रोहित शर्मा के शानदार करियर को सम्मानित किया जा सके. इस नई पहचान के साथ रोहित शर्मा अब उन चुनिंदा भारतीय क्रिकेट दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिनके नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड बने हैं. इनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट जैसे महान खिलाड़ी शामिल हैं.



रोहित शर्मा के बचपन की यादों में वानखेडे स्टेडियम एक ऐसी जगह है जहाँ एक समय उन्हें केवल दर्शक बनकर बाहर से मैच देखने को मजबूर होना पड़ता था, लेकिन आज उसी मैदान में उनके नाम का स्टैंड बनाया गया है, जो उनकी मेहनत और सफलता की कहानी को दर्शाता है. मुंबई के बोरिवली इलाके से आने वाले रोहित शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत बेहद साधारण परिस्थितियों में की थी और वानखेडे स्टेडियम के बाहर खड़े रहकर मैच देखना उनके लिए एक सपना देखने जैसा था, जिसे आज उन्होंने अपने नाम के स्टैंड के रूप में हकीकत में बदल दिया है. वानखेडे स्टेडियम पर रोहित शर्मा का प्रदर्शन हमेशा से बेहतरीन रहा है, जहाँ उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में 84 मैचों में 2,400 से ज्यादा रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 137.89 रहा है, जो दर्शाता है कि यह मैदान उनके लिए कितनी खास अहमियत रखता है.

इस कार्यक्रम में खुद रोहित शर्मा ने भावुक होकर कहा की यह एक अविश्वसनीय पल है जिसे उन्होंने कभी अपने सपने में भी नहीं सोचा था, और वह इसके लिए अपने माता-पिता, कोच और फैन्स के प्रति हमेशा आभारी रहेंगे. जब वानखेडे स्टेडियम में दर्शक 'मुंबईचा राजा रोहित शर्मा' के नारे लगाते हैं, तो वह न सिर्फ उनके क्रिकेटिंग कौशल को सलाम करते हैं, बल्कि यह मुंबई के लोगों के दिलों में उनकी गहरी जगह को भी दर्शाता है. रोहित शर्मा का यह सफर वानखेडे स्टेडियम से शुरू होकर फिर उसी मैदान में उनके नाम के स्टैंड तक पहुंचना उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो अपने सपनों को सच्चाई में बदलना चाहते हैं.

## आईपीएल 2025: प्लेऑफ की रेस में आरसीबी को चाहिए जीत, हारते ही बाहर हो जाएगी केकेआर

**एजेंसी, बेंगलुरु**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में प्लेऑफ की दौड़ अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। आज शाम एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच अहम मुकाबला खेला जाएगा, जहां एक तरफ आरसीबी की जीत उसे प्लेऑफ में पहुंचा देगी, वहीं हार केकेआर के लिए टूर्नामेंट का अंत बन सकती है। आरसीबी इस मुकाबले में जीत दर्ज करते ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर लेगी और टॉप-2 में पहुंचने की उम्मीदें भी जिंदा रखेगी। टीम फिलहाल शानदार लय में है और लगातार चार मुकाबले जीत चुकी है, जिनमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ दो रन से मिली रोमांचक जीत भी शामिल है। उस जीत ने आरसीबी को खिताबी दावेदार की तरह पेश किया है। आरसीबी के लिए राहत की बात यह है कि लगभग सभी विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध हैं, सिवाय चोटिल जोश हेजलवुड के। कप्तान रजत पटीदार की चोट में भी सुधार हुआ है और वह इस मुकाबले के लिए फिट माने जा रहे हैं। वहीं, वेस्टइंडीज की वनडे टीम में चुने जाने के बावजूद ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड 3 जून तक पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहेंगे। सीएसके के खिलाफ जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। दूसरी ओर, गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए हालात काफी मुश्किल हैं। उसे न सिर्फ अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने हैं, बल्कि अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। टीम के विदेशी खिलाड़ी (रोवमैन पॉवेल और मोईन अली को छोड़कर) अब स्क्वॉड से जुड़ चुके हैं, लेकिन अब भी टीम को हर विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की दरकार है।



### संक्षिप्त

#### रोस्टन चेज़ बने वेस्टइंडीज टेस्ट टीम के कप्तान



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने स्पिन ऑलराउंडर रोस्टन चेज़ को टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है, जबकि जोमेल वॉरिकन को उनका डिप्टी बनाया गया। खास बात यह है कि चेज़ ने पिछले दो साल से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है, बावजूद इसके उन्हें टीम की कमान सौंप दी गई है। सीडब्ल्यूआई ने एक बयान में बताया कि रोस्टन चेज़ को शुक्रवार को कप्तान नियुक्त किया गया। 33 वर्षीय चेज़ ने 32 वर्षीय क्रैग ब्रैथवेट की जगह ली है, जिन्होंने मार्च में तीन साल तक कप्तानी संभालने के बाद इस पद से इस्तीफा दे दिया था। चेज़ जून और जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में टीम की अगुवाई करेंगे। पहला टेस्ट चेज़ के होम ग्राउंड बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा, जो उनके करियर का 50वां टेस्ट भी होगा। उन्होंने 2016 में टेस्ट डेब्यू किया था।

#### दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े फाफ डुप्लेसिस और ट्रिस्टन स्टब्स



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे चरण से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को बड़ी राहत मिली है। टीम के उपकप्तान फाफ डुप्लेसिस और मिडल ऑर्डर बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स फिर से स्क्वॉड में शामिल हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की। फ्रेंचाइज़ी ने यह भी जानकारी दी कि ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क और साउथ अफ्रीकी ऑलराउंडर डोनोवन फरेरा फिलहाल टीम के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। स्टार्क इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने अब तक 11 मैचों में 26.14 की औसत से 14 विकेट झटके हैं। फ्रेंचाइज़ी ने दोनों खिलाड़ियों के फैसले का सम्मान करते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस बीच बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से 18 से 24 मई तक के लिए दिल्ली कैपिटल्स के साथ खेलने की अनुमति मिल गई है।



## जैनिक सिनर ने इटालियन ओपन फाइनल में बनाई जगह, कार्लोस अल्कराज से होगा सामना

**एजेंसी, रोम।** तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद वापसी कर रहे जैनिक सिनर ने इटालियन ओपन के फाइनल में धमाकेदार एंट्री कर ली है। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने अमेरिका के टॉमी पॉल को 1-6, 6-0, 6-3 से हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। अब फाइनल में उनका सामना स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्कराज से होगा, जिन्होंने लोरेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6(4) से हराकर पहली बार रोम फाइनल में जगह बनाई। सिनर अब इतिहास रचने से सिर्फ एक कदम दूर हैं। यदि वे जीतते हैं, तो 1976 में एड्रियानो पानाटा के बाद रोम मास्टर्स खिताब जीतने वाले पहले इतालवी पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। इससे पहले, सिनर ने क्वार्टरफाइनल में कैस्पर रूड को करारी शिकस्त दी थी। हालांकि सेमीफाइनल के पहले सेट में वह अस्थिर नजर आए, लेकिन इसके बाद उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। मैच के अंत में सिनर अपनी जांघ पकड़ते और दर्द में नजर आए। उन्होंने बाद में खुलासा किया कि तीसरे राउंड से उनके पैरों में ब्लिस्टर (छाले) हो गए हैं, जिससे मूवमेंट में परेशानी हो रही है। हालांकि उन्होंने कहा, "कोई बहाना नहीं है। फाइनल में एड्रेनालिन के साथ काफी एनर्जी होगी। मैं पूरी तरह तैयार हूं।" सिनर और अल्कराज के बीच यह मुकाबला बीजिंग ओपन फाइनल (अक्टूबर 2024) के बाद पहली भिड़ंत होगी, जहां अल्कराज ने तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जीत दर्ज की थी। दोनों के बीच अब तक 10 मुकाबले हुए हैं, जिनमें अल्कराज 6-4 से आगे हैं और उन्होंने पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। हालांकि, खास बात यह है कि बीजिंग में हारने के बाद से सिनर एक भी मैच नहीं हारे हैं और वे 26 मैचों की विजयी लय में हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट है। यह सीजन अल्कराज के लिए भी शानदार रहा है। उन्होंने मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता, बार्सिलोना ओपन में रनर-अप रहे, और अब रोम फाइनल में हैं। हालांकि मड्रिड ओपन से उन्होंने चोट के कारण नाम वापस ले लिया था। फिलहाल वे दाहिने पैर पर एक लंबा ब्लैक ब्रेस पहनकर खेल रहे हैं, लेकिन खेल पर उसका खास असर नहीं दिख रहा।

## दोहा डायमंड लीग 2025: नीरज चोपड़ा ने बनाया नया रिकॉर्ड, पार की ऐतिहासिक 90 मीटर की दूरी



**एजेंसी, दोहा।** भारत के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। दोहा डायमंड लीग 2025 में उन्होंने जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में अपने करियर का अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 90.23 मीटर भाला फेंका। यह पहली बार है जब नीरज ने 90 मीटर की बाधा को पार किया है, जो उनके करियर और भारतीय एथलेटिक्स दोनों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह शानदार थ्रो नीरज ने प्रतियोगिता के तीसरे प्रयास में किया, जो अब उनका नया व्यक्तिगत और राष्ट्रीय रिकॉर्ड बन गया है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर था। इस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर भाला फेंककर अपना सीजन बेस्ट परफार्मेंश किया। नीरज चोपड़ा 90.23 मीटर दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, एंडरसन पीटर्स- 85.64 मीटर तीसरे स्थान पर रहे। नीरज के साथ इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किशोर जेना ने भी किया जबकि ट्रैक इवेंट्स में गुलवीर सिंह (5000 मीटर) और पारुल चौधरी (3000 मीटर स्टीपलचेज) ने हिस्सा लिया।

## दोहा डायमंड लीग: पारुल ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड, वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय एथलीट पारुल चौधरी ने दोहा डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में छठा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि आगामी वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया।

**खुद का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा :** शुक्रवार को सुहेम बिन हमद स्टेडियम में हुई इस प्रतियोगिता में पारुल ने 9:13.39 का समय निकाला। यह उनके ही 2023 विश्व चैंपियनशिप (बुडापेस्ट) में बनाए गए पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 9:15.31 से बेहतर रहा।



**वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए किया क्वालिफाई :** पारुल चौधरी ने 9:18.00 की क्वालिफिकेशन समय सीमा के भीतर दौड़ पूरी करके इस साल होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली है।

**केन्या की चेरेटिच रहीं पहले स्थान पर :** प्रतियोगिता में केन्या की फेथ चेरेटिच ने 9:05.08 के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं कतर की विनफ्रेड यावी ने 9:05.26 के समय के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। इथियोपिया की सेम्बो अल्मायेव ने 9:09.27 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए पोडियम पूरा किया। पारुल का यह प्रदर्शन पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

## चेल्सी और एस्टन विला ने घर में जीत के साथ चैंपियंस लीग की उम्मीदें ज़िंदा रखीं

**एजेंसी, बर्मिंघम**

चेल्सी और एस्टन विला ने शुक्रवार को अपने-अपने घरेलू मुकाबलों में जीत दर्ज कर अगली चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें बरकरार रखीं। एस्टन विला ने टॉटनहैम हॉटस्पर को 2-0 से हराया, जबकि चेल्सी ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ 1-0 की कड़ी जीत दर्ज की।

### कोंसा और कमारा ने दिलाई विला को जीत

विला पार्क में खेले गए मुकाबले में मेज़बान टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा, लेकिन पहला गोल करने में उन्हें 59वें मिनट तक का इंतजार करना पड़ा। जॉन मैकगिन के कॉर्नर पर ओली वॉटकिंस ने हेडर से गेंद को आगे बढ़ाया जिसे बिना किसी मार्किंग के खड़े एज़्री कोंसा ने गोल में बदल दिया। इसके बाद 76वें मिनट में बूबाकार कमारा ने पेनल्टी बॉक्स के किनारे से लो ड्राइव मारकर विला की बढ़त को दोगुना कर दिया। यह कमारा का प्रीमियर लीग में 69वें मैच में पहला गोल था। फ्रेंच मिडफील्डर कमारा ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, "हम जानते थे कि आज जीतना बेहद ज़रूरी है। हम फिर से चैंपियंस लीग खेलना चाहते हैं।" दूसरी ओर स्टैमफोर्ड ब्रिज पर चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के बीच मुकाबला पहले हाफ में फीका रहा। लेकिन दूसरे हाफ में चेल्सी ने रफ्तार पकड़ी और 71वें मिनट में रीस जेम्स के क्रॉस पर स्पैनिश डिफेंडर मार्क कुकरेला ने हेडर से गोल करते हुए टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ चेल्सी 66 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई, जबकि एस्टन विला गोल अंतर के आधार पर पांचवें स्थान पर है। लीग विजेता लिवरपूल के अलावा बाकी चैंपियंस लीग की चार जगहों के लिए आर्सेनल (68), न्यूकैसल (66), मैनचेस्टर सिटी (65) और नॉटिंघम फॉरेस्ट (62) की टीमें भी दौड़ में बनी हुई हैं। स्पर्स और मैनचेस्टर यूनाइटेड दोनों ही टीमें अगले हफ्ते होने वाले यूरोपा लीग फाइनल को ध्यान में रखते हुए कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया। हालांकि, अच्छी खबर यह रही कि दोनों ही टीमों को कोई नई चोट की समस्या नहीं हुई। गौरतलब है कि ये दोनों मैच बुधवार को बिलबाओ में होने वाले फाइनल की तैयारी के चलते 48 घंटे पहले खेले गए।



### प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 की नीलामी से पहले रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी

**एजेंसी, मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने शनिवार को सीजन 12 के लिए रिटेन किये गए खिलाड़ियों की सूची जारी की। सीजन 12 की नीलामी 31 मई और एक जून को मुंबई में आयोजित की जाएगी। अधिकांश फ्रेंचाइजियों ने अपने मुख्य खिलाड़ियों को रिटेन किया है और अब वे आगामी सीजन के लिए और भी मजबूत टीम बनाने की तैयारी में हैं। प्रमुख रिटेन्ड खिलाड़ियों में यू मुंबा के सुनील कुमार और आमिर मोहम्मद जफरदानेश, हरियाणा स्टीलर्स के जयदीप डहिया, यूपी योद्धा के सुरेंदर गिल और पुनेरी पलटन के असलम इनामदार व मोहित गोयत शामिल हैं। इस बार कुल 83 खिलाड़ियों को तीन श्रेणियों में रिटेन किया गया है : 25 खिलाड़ी 'एलीट रिटेन्ड प्लेयर्स' श्रेणी में, 23 खिलाड़ी 'रिटेन्ड यंग प्लेयर्स' श्रेणी में, 35 खिलाड़ी 'न्यू यंग प्लेयर्स' श्रेणी में।
नीलामी में 500 से अधिक खिलाड़ी उतरेंगे, जिनमें भारत के नामी खिलाड़ी — पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल, आशु मलिक और पीकेएल 11 के टॉप रेडर देवांक दलाल शामिल हैं। इसके अलावा, ईरान के दिग्गज फजल अत्राचली और मोहम्मदरेजा शदलूई, साथ ही मनींदर सिंह और प्रदीप नरवाल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी नीलामी में शामिल होंगे। एक रोचक तथ्य यह है कि नवीन कुमार पहली बार नीलामी में उतरेंगे।



# फिल्म 'हेरा फेरी 3' में नहीं दिखेंगे परेश रावल

आने वाले समय में कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल दर्शकों के सामने पेश होने वाले हैं। इन्हीं में से एक है लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी 'हेरा फेरी' का तीसरा भाग। 'हेरा फेरी 3' का इंतज़ार फैन्स लंबे समय से कर रहे हैं। इस फ्रेंचाइज़ी में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल की तिकड़ी ने पहले दो भागों में दर्शकों को खूब हंसाया था। इनकी केमिस्ट्री ही फिल्म की जान मानी जाती रही है, लेकिन अब इस फिल्म से जुड़ी एक खबर सामने आई है, जो फैंस को झटका दे सकती है। 'हेरा फेरी 3' को लेकर जो अटकलें चल रही थीं, उन पर अब खुद परेश रावल ने ही विराम लगा दिया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने साफ कर दिया है कि वह अब इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। माना जा रहा है कि परेश रावल और फिल्म के निर्माताओं के बीच कुछ मतभेद हुए, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट से दूरी बना ली। परेश रावल ने 'हेरा फेरी' सीरीज़ में बाबूराव गणपत राव आप्टे उर्फ बाबू भैया का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली थी। उनकी टाइमिंग, एक्सप्रेशन और संवाद अदायगी आज भी फैंस को गुदगुदा देती है। यही वजह है कि फैंस के लिए बाबू भैया के बिना 'हेरा फेरी' की कल्पना करना भी मुश्किल है। साल 2022 में जब अक्षय कुमार ने 'हेरा फेरी 3' की स्क्रिप्ट से असंतुष्ट होकर फिल्म से किनारा कर लिया था, तो फैंस ने सोशल मीडिया पर खुलकर नाराजगी जताई थी। उनकी प्रतिक्रियाओं और भारी विरोध के बाद ही मेकर्स ने प्रयास करके अक्षय को दोबारा इस प्रोजेक्ट से जोड़ा। अब जब फिल्म में सब कुछ पटरी पर आता दिख रहा था, तो परेश रावल का इससे अलग हो जाना एक और बड़ा झटका बनकर सामने आया है। गौरतलब है कि परेश, यानी हमारे चहेते बाबू भैया, इस फ्रेंचाइज़ी की आत्मा माने जाते हैं। उनकी जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग और संवाद अदायगी ने ही 'हेरा फेरी' को एक कल्ट कॉमेडी बनाया था। ऐसे में तीसरे भाग में अगर बाबू भैया की कमी रही, तो न सिर्फ फिल्म की आत्मा अधूरी लगेगी बल्कि दर्शकों को भी इसकी कमी बेहद खलेगी। हाल ही में यह खबर सामने आई थी कि आईपीएल 2025 के खत्म होने से पहले 'हेरा फेरी 3' से जुड़ा टीजर रिलीज कर दिया जाएगा। इस बात की पुष्टि खुद सुनील शेट्टी ने एक इंटरव्यू में की थी। सुनील ने बताया था कि टीजर की शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म का पहला सीन भी शूट कर लिया गया है। ऐसे में माना जा रहा था कि फिल्म की तैयारियां अब तेजी से आगे बढ़ रही हैं। लेकिन अब जब ऐन मौके पर परेश रावल ने फिल्म से अलग होने का फैसला किया है, तो यह न सिर्फ दर्शकों के लिए, बल्कि मेकर्स के लिए भी एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। टीजर और शूटिंग की हलचल के बीच परेश का इस तरह पीछे हटना फिल्म की योजनाओं को प्रभावित कर सकता है

# 'मां को खोने के बाद पूरी तरह से टूट गई थी', मां को याद कर भावुक हुईं जैकलीन



अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस इन दिनों अपनी जिंदगी को एक नई दिशा देने की कोशिश कर रही हैं। बीते अप्रैल माह में उन्होंने अपनी मां किम फर्नांडीस को खो दिया था, जिसके बाद वह काफी समय तक सार्वजनिक रूप से दूर रहीं। हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल में उनकी मौजूदगी ने एक बार फिर सभी का ध्यान खींचा। अब जैकलीन ने पहली बार अपनी मां के निधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि मां के जाने के बाद वो पूरी तरह से टूट गई थीं। जैकलीन ने भावुक होकर कहा, "मां को खोने के बाद मैं पूरी तरह से टूट गई थी। जिंदगी में कई मुश्किल दौर देखे हैं, लेकिन मेरे माता-पिता हमेशा मेरे साथ खड़े रहे। कलाकार जितना सहते हैं, उतना ही दर्द उनके मां-बाप भी सहते हैं। हमारी ज़िंदगी लोगों की नजरों में होती है, फिर भी माता-पिता बिना शिकायत हमें सहारा देते हैं। मेरी मां मुझ पर बेहद गर्व करती थीं। उन्होंने हमेशा चाहा कि मैं अपने सपनों को कभी मरने न दूं और हर हाल में मेहनत करती रहूं।" जैकलीन ने उस यादगार पल को भी शेयर किया, जब वह अपने बचपन के हीरो जीन-क्लॉड वैन डैम के साथ फिल्म 'किल 'एम ऑल 2' की शूटिंग कर रही थीं। उन्होंने बताया कि उस दौरान



उनके माता-पिता खास तौर पर उन्हें मिलने इटली पहुंचे थे। जैकलीन ने कहा, "जिस शख्स से मैं बचपन से प्रेरित होती रही, उसके साथ काम करते देख मेरे माता-पिता का सीना गर्व से चौड़ा हो गया था। उस लम्हे ने मुझे महसूस कराया कि मेरी सारी मेहनत और संघर्ष बेकार नहीं गए, वो पल मेरी जिंदगी का सबसे कीमती अनुभव बन गया।" जैकलीन ने कहा, "मैं खुश हूं कि मां के आखिरी कुछ महीने मैं उनके साथ बिता सकी, लेकिन मन में एक टीस रह जाती है। काश मैं उनके लिए और भी कुछ कर पाती। कई बार खुद से सवाल करती हूं, क्या मैं और बेहतर कर सकती थी? किसी अपने को खो देने का दर्द बहुत गहरा होता है। आज भी उस सच्चाई को पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर पाई हूं। लेकिन एक बात मैं पूरे यकीन से कह सकती हूं, मेरी मां हमेशा मेरी सबसे बड़ी सपोर्टर और प्रशंसक रही हैं।"


# व्हाइट स्ट्रैपलेस ड्रेस में मोनालिसा ने ढाया कहर, सक्सेस पार्टी में लूटी महफिल

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हर बार की तरह इस बार भी अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज़ से सोशल मीडिया पर छा गई हैं. हाल ही में उन्होंने हंगामा ओटीटी की ग्रैंड सक्सेस




पार्टी में शिरकत की जहां उन्होंने व्हाइट स्ट्रैपलेस मिनी ड्रेस पहनकर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया. मोनालिसा ने इस इवेंट से अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जो अब इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं. एक्ट्रेस ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, कल रात के बारे में... पर हंगामाओटीटी की ग्रैंड सक्सेस पार्टी... मेरी सीरीज 'जुड़वा जाल का इंतजार नहीं कर सकता. उन्होंने अपनी अपकमिंग सीरीज़ और फैंस के प्यार के लिए भी धन्यवाद कहा है. मोनालिसा के इस लुक को देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे. किसी ने उन्हें हॉट क्वीन कहा तो किसी ने फैशन दीवा बताया.

# रणबीर कपूर की 'रामायण' में एक्ट्रेस काजल अग्रवाल हुई एंट्री



नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर लंबे समय से चर्चा जारी है। जैसे ही रणबीर कपूर के इस मेगा प्रोजेक्ट से जुड़ने की खबर सामने आई, फैंस का उत्साह चरम पर पहुंच गया। फिल्म में रणबीर भगवान श्रीराम की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि साई पल्लवी को माता सीता के किरदार में कास्ट किया गया है। सुपरस्टार यश रावण के दमदार रोल में नजर आने वाले हैं। अब इस भव्य स्टारकास्ट में एक और नाम जुड़ गया है। अभिनेत्री काजल अग्रवाल की एंट्री 'रामायण' में हो चुकी है, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों की उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक काजल अग्रवाल अब फिल्म 'रामायण' की स्टारकास्ट का हिस्सा बन गई हैं। वह फिल्म में रावण की पत्नी मंदोदरी का किरदार निभाती नजर आएंगी, जिसे सुपरस्टार यश निभा रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अब अपने अंतिम चरण में है। दिलचस्प बात यह है कि यह पहला मौका होगा जब यश और काजल अग्रवाल एक साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। इससे पहले मंदोदरी के रोल के लिए साक्षी तंवर के नाम की चर्चा थी, लेकिन खुद साक्षी ने इन खबरों को महज अफवाह बताते हुए खारिज कर दिया था। 'रामायण' की स्टारकास्ट को लेकर लगातार नए अपडेट सामने आ रहे हैं। लक्ष्मण की भूमिका के लिए पहले ही रवि दुबे के नाम पर मुहर लग चुकी है, जबकि रावण के भाई विभीषण के किरदार के लिए मेकर्स ने विजय सेतुपति से संपर्क किया है। वहीं, भगवान हनुमान के दमदार किरदार के लिए सनी देओल का नाम सामने आ रहा है। इसके अलावा रकुल प्रीत सिंह फिल्म में शूर्पणखा की भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस महाकाव्य फिल्म को दो भागों में रिलीज किया जाएगा। इसका पहला भाग दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में दस्तक देगा, जबकि दूसरा भाग दिवाली 2027 में रिलीज किया जाएगा।



# सुगंधा मिश्रा ने किया नोट से इश्क का इजहार, बोलीं इसकी आदत सी हो गई है मुझे

सुगंधा मिश्रा एक ऐसी कलाकार हैं जिनके चेहरे की मुस्कान और मिमिक्री के लोग कायल हैं। चुलबुली अंदाज से सबका मन मोह लेने वाली सुगंध अपने हर किरदार में जान डाल देती हैं। चाहे वो लता मंगेशकर की नकल हो या किसी घरेलू महिला की शिकायती बातें, उनकी कॉमिक टाइमिंग उनके हर परफॉर्मेंस को यादगार बना देती है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और वीडियोज शेयर कर लोगों को एंटरटेन करती हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की है। सुगंधा मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक रील शेयर की है। वीडियो में उनके हाथ में 500 रुपए का नोट नजर आ रहा है। इस पर उन्होंने इमोशनल लाइन्स को भी काफी मजेदार बना दिया है। वह इस नोट को दिखाते हुए कहती हैं, इसकी अजीब सी आदत होने लगी है मुझे... अगर ये मेरी जिंदगी से चला गया तो बड़ा मसला हो जाएगा मेरे लिए। इस रील के जरिए उन्होंने मजाक-मजाक में जिंदगी में पैसों की अहमियत को दर्शाया है। इससे पहले उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को भारत आने का न्योता देते हुए इंस्टाग्राम पर ट्रोल किया था। उन्होंने दिल्ली-6 की पराठे वाली गली का मजाकिया अंदाज में जिक्र किया और ट्रंप को कैवियार समोसे और सोने की वर्क वाली बिरयानी परोसने की बात कही थी। सुगंधा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह कहती दिखीं, बधाई हो। हम आपको जीत के बाद जश्न मनाने के लिए भारत आमंत्रित करना चाहते हैं। हर कोई



जानता है कि हम सादगी में विश्वास करते हैं और चीजों को छोटा और कम महत्व देते हैं। मेरा यकीन मानिए, आपने असली भारत तब तक नहीं देखा जब तक आपने दिल्ली-6 की पराठे वाली गली का स्वाद हेलीकॉप्टर में उड़ते हुए न लिया हो। जी हां, मिस्टर ट्रंप, बेशक, हम केवल बेसिक चीजें ही परोसेंगे... कैवियार समोसे, असली सोने की वर्क वाली बिरयानी और हीरे से जड़े लड्डू। आप यह जानकर जाएंगे कि सोने की चिड़िया अभी भी मौजूद है, लेकिन केवल कुछ भाग्यशाली लोगों के लिए। आज, मैं आपके लिए एक बहुत ही खास तोहफा लायी हूं, एक बहुत बड़ी माचिस, और आप जैसे लोगों के पास इसका कोई मुकाबला नहीं है।

# विजय देवरकोंडा की किंगडम का पहना गाना हृदयम लोपाला रिलीज

विजय देवरकोंडा, भाग्यश्री बोरसे अभिनीत आगामी फिल्म किंगडम का पहला सिंगल हृदयम लोपाला रिलीज़ हो गया है, जिसे अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया है। प्रोमो, जो कुछ दिन पहले ही रिलीज़ हुआ था, को पहले ही 20 मिलियन से ज़्यादा व्यू मिल चुके हैं और इसने सभी को गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया है। अब, जब पूरा वीडियो रिलीज़ हो गया है, तो इसने उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। अनिरुद्ध रविचंदर ने एक बार फिर संगीतकार के तौर पर अपनी काबिलियत साबित की है, उन्होंने एक दिल को छू लेने वाली




धुन बनाई है जिसमें अनुमिता नादेसन की जादुई आवाज़ है। इस गाने में केके के काव्यात्मक बोल और डार गाई की मनमोहक कोरियोग्राफी है, जो ट्रैक में विजुअल इमोशन जोड़ती है। गाने के विजुअल भव्य, खूबसूरत और हाइप के मुताबिक हैं, जिससे फिल्म की रिलीज़ का इंतज़ार करना मुश्किल हो रहा है। विजय देवरकोंडा, गौतम तिन्ननुरी और अनिरुद्ध रविचंदर के बीच सहयोग एक विजयी फॉर्मूला साबित हो रहा है, जो फिल्म के अन्य गानों के बारे में प्रत्याशा को और बढ़ाता है। पूर्ण वीडियो गीत में दृश्य संकेत देते हैं, सवाल उठाते हैं, और कहानी में गहराई जोड़ते हैं, जिससे हर कोई फिल्म के बारे में उत्सुक हो जाता है। जोमन टी. जॉन आईएससी और गिरीश गंगाधरन आईएससी द्वारा संभाली गई बेहतरीन सिनेमैटोग्राफी और नवीन नूली द्वारा संपादन के साथ, किंगडम एक विशाल नाट्य अनुभव के रूप में आकार ले रहा है। गौतम तिन्ननुरी द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म का निर्माण नागा वामसी और साई सौजन्या ने सिथारा एंटरटेनमेंट्स, फॉर्च्यून फोर सिनेमा और श्रीकारा स्टूडियो के बैनर तले किया है। 30 मई को दुनिया भर में भव्य रिलीज के साथ, प्रत्याशा बढ़ रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक :-जेम्स मरांडी, प्रधान संपादक- माइकल मरांडी, कोटालपोखर जिला साहिबगंज, पिनकोड -816105 से प्रकाशित
संथाल संध्या डिजिटल संध्या दैनिक हिंदी न्यूज़पेपर, संपर्क नंबर:- 9800993294,9334344989, Email: santhalsandhya@gmail.com